राष्ट्रीय हिन्दी मेल 27वाँ वर्ष
पांच संस्करणों में एक साथ प्रकाशित
इंद्रप्रस्थ पृथ्विजय प्रकाशन
# राष्ट्रीय हिन्दी मेल
डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/4-233/2020-22
न दबाव, न भेदभाव
रायपुर, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-27 अंक- 115 | www rashtriyahindimail.in | रायपुर, बुधवार 01 अक्टूबर 2025 | पृष्ठ-8 मूल्य पांच रुपये



3 दीक्षा नगर और आसपास के रहवासियों की वर्षों पुरानी पानी...
4 राष्ट्र जागरण की साधना के सौ वर्ष की यात्रा...
6 कोरबा में दहन से पहले भीगा रावण का पुतला...

महानदी भवन, मंत्रालय में कैबिनेट की हुई बैठक, मुख्यमंत्री साय ने की अध्यक्षता...

# दिव्यांगों को राहत, बकाया राशि एक मुश्त पटाने का निर्णय, कैबिनेट में प्रस्ताव पारित

### 24.50 करोड़ रूपए का बकाया चुकाया जाएगा

**रायपुर ।** महानदी भवन, मंत्रालय में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में राज्य एवं जनहित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में 14 मंत्री शामिल हुए। मीटिंग में 3 प्रमुख फैसले लिए गए।

दिव्यांगजन के कल्याण के लिए 24.50 करोड़ रुपए की बकाया राशि एकमुश्त चुकाने का निर्णय लिया गया है। 100 स्पेशल एजुकेटर की भर्ती करने का फैसला भी लिया गया है। साथ ही शासकीय सेवकों को आकस्मिक वित्तीय जरूरत पर वेतन के विरुद्ध अल्पावधि ऋण उपलब्ध करने के प्रस्ताव पर भी मुहर लगी है।

वहीं इस बैठक में अमिताभ जैन को विदाई और नवनियुक्ति मुख्य सचिव का स्वागत किया गया। साथ ही उन्होंने पदभार ग्रहण किया।

मंत्रिपरिषद द्वारा दिव्यांगजनों के हित में एक बड़ा निर्णय लेते हुए राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम की बकाया ऋ ण राशि रूपये 24,50,05,457/- (रूपये चौबीस करोड़ पचास लाख पांच हजार चार सौ सत्तावन मात्र) एकमुश्त वापस किये जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के द्वारा राज्य के दिव्यांगजनों को स्वरोजगार और शिक्षा हेतु न्यूनतम 3 प्रतिशत ब्याज की दर से ऋण प्रदाय किया जाता है।



### अल्पावधि ऋण प्रस्ताव का निर्णय

कैबिनेट की बैठक में शासकीय सेवकों की आकस्मिक वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु वित्तीय संस्थाओं के माध्यम से वेतन के विरूद्ध अल्पावधि ऋण उपलब्ध कराने के संबंध में बैंकों/वित्तीय संस्थाओं से प्रस्ताव प्राप्त करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। वित्त विभाग द्वारा प्रक्रिया में पात्र पाए जाने वाले बैंक/वित्तीय संस्था से सम्पादित किए जाने वाले एमओयू के प्रारूप का भी अनुमोदन किया गया। दिव्यांगजनों के हित में एक बड़ा निर्णय लेते हुए राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम की बकाया ऋण राशि 24 करोड़ 50 लाख 05 हजार 457 एकमुश्त वापस किये जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

### 100 स्पेशल एजुकेटर की भर्ती

बैठक में सभी 14 मंत्री शामिल हुए। मीटिंग में 3 प्रमुख फैसले लिए गए। दिव्यांगजन के कल्याण के लिए 24.50 करोड़ रुपए की बकाया राशि एकमुश्त चुकाने का निर्णय लिया गया है। 100 स्पेशल एजुकेटर की भर्ती करने का फैसला भी लिया गया है।

## 'छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त मुख्य सचिव विकासशील ने कार्यभार संभाला'



विकास शील भारतीय प्रशासनिक सेवा 94 बैच के आईएएस अधिकारी ने आज मंत्रालय, महानदी भवन में मुख्य सचिव का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। विकासशील छत्तीसगढ़ के 13वें मुख्य सचिव नियुक्त किए गए हैं। इसके पहले वे एशियन डेवलपमेंट बैंक, मनीला में कार्यकारी निदेशक के पद पर पदस्थ थे। विकास शील को आईएएस बनने के बाद मध्य प्रदेश कैडर मिला था। नवंबर 2000 में मध्यप्रदेश राज्य के विभाजन के बाद उन्हें छत्तीसगढ़ कैडर मिला। वे कोरिया, बिलासपुर और रायपुर जिले के कलेक्टर रहे हैं। वे स्कूल शिक्षा, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, सामान्य प्रशासन और स्वास्थ्य विभागों के सचिव पद पर तैनात रहे। इसके अलावा, वे अप्रैल 2007 से अप्रैल 2008 तक राजधानी रायपुर के कलेक्टर भी रहे हैं। वर्ष 2018 से वे केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भारत सरकार में रहे। उन्होंने केन्द्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग, जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में जल जीवन मिशन के मिशन डायरेक्टर के पद पर अपनी सेवायें दीं। विकासशील का जन्म 10 जून 1969 को हुआ था।

## लंदन में गांधी प्रतिमा पर लिखे आपत्तिजनक नारे..!

### मोदी और हिन्दुस्तानियों को भी बनाया निशाना, लिखा आतंकी

**नई दिल्ली।** लंदन के टैविस्टॉक स्क्वायर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर आपत्तिजनक नारे लिखे जाने की घटना सामने आई। सूत्रों के अनुसार कुछ उपद्रवियों ने प्रतिमा पर पेंट से गांधी, मोदी और हिन्दुस्तानियों को आतंकवादी लिख दिया। भारतीय उच्चायोग ने इस घटना को गंभीरता से लिया है। उच्चायोग ने कहा कि यह गांधीवादी विचारों पर हमला है।

उन्होंने कहा कि यह सिर्फ प्रतिमा का अपमान नहीं बल्कि गांधी के अहिंसा और शांतिपूर्ण विचारों पर भी हमला है। बता दें कि महात्मा गांधी की इस प्रतिमा का निर्माण 1968 में हुआ। इसे प्रसिद्ध पोलिश-भारतीय प्रतिमाकार फ्रेडा ब्रिलियंट ने बनाया था। कांसे से बनी इस प्रतिमा को यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के पास के उद्यान टैविस्टॉक स्क्वायर में लगाया गया है। यह पहली बार नहीं है, जब गांधी की प्रतिमा को निशाना बनाया गया है। दुनियाभर में उनकी प्रतिमायों पर तोड़फोड़ की कई घटनाएं हुई हैं।



### गांधी प्रतिमा, उनके लंदन में बिताए समय का प्रतीक

अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी 1888-1891 के दौरान कानून की पढ़ाई किए थे। लंदन में लगी उनकी यही प्रतिमा वहां बिताए समय के प्रतीक रूप में है, जो उनके विश्व शांति, सद्भाव और सौहार्द्र के वैश्विक विरासत को नमन करने के लिए स्थापित की गई है। प्रतिमा में गांधी जी को पारंपरिक धोती पहने हुए उनके सादगी और दर्शन को भी परिलक्षित करती है।

## खास खबर

### अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर पकड़ाया

**रायपुर।** रेल्वे सुरक्षा बल और आबकारी विभाग रायपुर की संयुक्त कार्रवाई में एक अंतरराज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसमें आरोपी मिथुन दिग्गल (26 वर्ष), निवासी ग्राम परमपंगा, टीटामाहा, जिला कंधमॉल, बटागुड़ा, ओडिशा, को दो बैग में 8 बंडल गांजा ले जाते हुए पकड़ा गया। आबकारी विभाग ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत मामला दर्ज किया है।

### तिवारी के लेन-देन वाली डायरी में बड़े अधिकारियों के नाम

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ कोयला लेवी घोटाला में ईडी जैसे-जैसे जांच की कसावट बढ़ा रही है, नए खुलासे होते जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार ईडी ने राज्य के मुख्य सचिव और एसीबी-ईओडब्ल्यू को चिट्ठी लिखा है, पत्र में लिखा है कि जांच के दौरान दस्तावेजों में कारोबारी सूर्यकांत तिवारी द्वारा 80 करोड़ रूपए से अधिक की लेन-देन की गई। जिसमें बकायदा तारीख, दिए जाने वाला राशि और देन-लेन वालों का नाम अन्य महत्वपूर्ण जानकारी है। ईडी को डायरी में पांच लोगों से जुड़ें लेन-देन ब्योरा वाली डायरी में पिछली सरकार के महत्वपूर्ण पद नाम भी हैं।

### बंगाली मुस्लिम हिंदू, तस्लीमा के बयान को जावेद का मिला समर्थन

**नई दिल्ली।** बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन विवादों के बाद निर्वासित जिंदगी जी रहीं हैं। इस दौरान उन्होंने मंगलवार को दुर्गा अष्टमी के मौके पर एक्स में पोस्ट करते हुए लिखा कि बंगाली मुसलमान की संस्कृति हिंदू है, अरब नहीं। जिसका मशहूर बॉलीवुड के गीतकार जावेद अख्तर ने समर्थन किया है और कहा कि हमें गंगा-जमनी अवध संस्कृति की भी सराहना करना चाहिए, इसका अरब से लेना-देना नहीं है। तस्लीमा ने अपने पोस्ट में लिखा है कि भारत के हिंदुओं, बौद्धों, ईसाई, मुसलमान के पूर्वज हिन्दू हैं।

## ईडी पर कांग्रेस का आरोप, हेमंत चन्द्राकर से की गई मारपीट

**रायपुर ।** शराब घोटाला और कोयला परिवहन में लगने वाले लेवी में बड़े पैमाने पर हुए घोटाले के आरोपी मध्यस्थ हेमंत चंद्राकर को ईडी ने गिरफ्तार किया है, उसके गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस इस राजनीतिक द्वेषपूर्ण कार्रवाई करार देते हुए, ईडी पर हेमंत चंद्राकर के साथ मारपीट करने का आरोप लगाए हैं। इस मामले पर कांग्रेस रात को ही थाने पहुंच गई और पूछताछ के नाम पर मानसिक प्रताड़ना और मारपीट की शिकायत की है। थाने में कांग्रेस जिलाअध्यक्ष गिरीश दुबे, प्रमोद दुबे सहित अनेक नेता शामिल थे।

**बदले की भावना: दीपक बैज**

प्रदेश कांग्रेस नेता दीपक बैज ने हेमंत चन्द्राकर के साथ ईडी द्वारा ज्यादती का आरोप लगाते हुए कहा कि ईडी को जांच करने से किसी ने नहीं रोका, परन्तु जानबूझकर, बदले की भावना से कार्यवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एकजुट होकर इसके लिए सड़क की लड़ाई लड़ेगी।

**आरोप लगाना मात्र राजनीति है: अरूण साव**

डिप्टी सीएम अरूण साव ने कांग्रेस द्वारा ईडी पर मारपीट के आरोप पर कहा कि कार्रवाई साक्ष्यों के आधार पर होती है, जितने घोटाले हुए, उसके तथ्य से उजागर होता है कि घोटाले किस तरह हुए।

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस: रायपुर में 1 अक्टूबर को होगा

**रायपुर।** सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का राज्य स्तरीय आयोजन 1 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे राजधानी रायपुर के जोरा स्थित कृषि महाविद्यालय परिसर के कृषि मंडपम में किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज कल्याण तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े करेंगी। विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री केदार कश्यप, टंकराम वर्मा, गुरु खुशवंत साहेब, सांसद बृजमोहन अग्रवाल आदि रहेंगे।

## संघ ने पूरे किए शताब्दी वर्ष, देश-विदेश में करेंगे कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दशहरा के अवसर पर अपना शताब्दी वर्ष कार्यक्रम मनाने जा रहा है। गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर 25 से 20 अक्टूबर 2026 तक आरएसएस देश भर में सात बड़े कार्यक्रम करेगा। इस दौरान वे लोगों के घर-घर जाकर संघ की कार्यप्रणाली को बताएंगे। इसके अलावा विदेशों में कार्यक्रम आयोजित कर संघ के सिद्धांतों को सबके सामने रखेंगे। दरअसल संघ का यह कार्यक्रम उनके सौ साल की उपलब्धि भरी यात्रा और संघ की स्थापना के उद्देश्यों को सबके सामने लाना है। इनका मकसद संघ की सौ साल की यात्रा, वर्तमान चुनौतियों और समाधानों को समाज के सामने रखना है। कार्यक्रम मोहल्ले से लेकर प्रांत स्तर तक होंगे। पश्चिम बंगाल में यह क्रम नवरात्रि के पहले दिन ही शुरू हो चुका है। संघ प्रमुख मोहन भागवत इस दौरान विदेश भी जाएंगे। वे अमेरिका और यूरोप जैसे देशों में भी कार्यक्रम करेंगे।



### हादसे का दुख, जल्द सच्चाई सामने आएगी: साऊथ एक्टर विजय

**नई दिल्ली ।** तमिलनाडू के करूर हादसे में 41 लोगों की मौत के बाद मामले ने राजनीतिक मोड़ ले लिया है। एक्टर विजय थलापति ने मंगलवार को कहा कि सीएम स्टालिन उनके साथ बदला लेने की तरह व्यवहार कर रहे हैं। एक्टर विजय ने कहा कि जो हादसे हुए उसके लिए मुझे बहुत दुख है, पुलिस ने मेरे पदाधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया है, मेरी अपील है कि उनका कोई कसूर नहीं है उन्हें नुकसान न पहुंचाएँ। विजय ने कहा कि यदि सीएम स्टालिन मुझसे बदला लेना चाहते हैं तो मेरे घर या ऑफिस में आए।

## प्रदर्शन में कारगिल सिपाही की मौत, लद्दाख के साथ धोखा:राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा मोदी ने लद्दाख के लोगों के साथ धोखा किया है। राहुल गांधी ने कारगिल युद्ध में शामिल त्सावांग थारचिन के पिता वीडियो अपने एक्स मीडिया में पोस्ट करते हुए कहा है कि लेह में पुलिस गोलीबारी में 4 प्रदर्शनकारियों की मौत की निष्पक्ष न्यायिक जांच की जाए।

इनमें कारगिल युद्ध में शामिल त्सावांग थारचिन भी शामिल थे। राहुल ने हिंदी में लिखे अपने पोस्ट में कहा- पिता की दर्द भरी आंखें एक सवाल पूछती हैं, क्या आज देश सेवा का यही इनाम है। यह लद्दाख के साथ धोखा है।

**राहुल गांधी के सीने पर गोली... कहने वाले के खिलाफ केस दर्ज:** रायपुर। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर द्वारा विधानसभा थाना रायपुर में पिंटू महादेव प्रवक्ता भाजपा के खिलाफ एफआईआर लिखाया गया । बता दें कि केरल में एक न्यूज चैनल में बहस के दौरान पिंटू महादेव ने राहुल गांधी के सीने में गोली मारने की बात कही थी, जिसके बाद से कांग्रेस ने इस बयान की निन्दा कर केंद्रीय मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर इसका विरोध जताए। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष उधोराम वर्मा के नेतृत्व में पूर्व सांसद छाया वर्मा मोहन वर्मा,घनश्याम वर्मा,लोकेश साहू ,अंकित वर्मा अन्य शामिल रहे।

## छग आयोग को पत्र, 13 अफसर होंगे बिहार चुनाव के पर्यवेक्षक

**रायपुर ।** भारत निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र भेजा है। पत्र के अनुसार छत्तीसगढ़ के 13 वरिष्ठ अफसरों को बिहार विधानसभा, आम चुनाव और उपचुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। जिनमें पर्यवेक्षकों में आईएएस अधिकारी-अब्दुल कैसर हक, शम्मी आबिदी, भीम सिंह, शिखा राजपूत तिवारी, धर्मेश साहू, पीएस एल्मा, सारांश मित्तर, पुष्पेंद्र मीणा, तारण प्रकाश सिन्हा, विनीत नंदनवार और रितुराज रघुवंशी, डीआईजी डी. रविशंकर और गिरजा शंकर जायसवाल शामिल है। इस तरह 11 आईएएस और 2 आईपीएस अधिकारी शामिल है। सभी अधिकारियों को 3 अक्टूबर को दिल्ली में होने वाली चुनाव आयोग की ब्रीफिंग में अनिवार्य रूप से शामिल होना होगा। अनुपस्थिति पर अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है। सभी अधिकारियों को 24 घंटे के भीतर स्वीकृति देनी होगी।




## राज्य के स्कूलों में 9 हजार स्मार्ट क्लास व 22 हजार कंप्यूटर लगाने की घोषणा

### नई तकनीकी सुविधाओं से होगा शिक्षा का विस्तार: गजेंद्र यादव

**रायपुर।** जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को राजधानी रायपुर स्थित जे. आर. दानी शासकीय कन्या उत्कृष्ट हिंदी माध्यमिक विद्यालय में 25वीं राज्य स्तरीय शाला क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह बड़े उत्साह और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। चार दिनों तक चले इस आयोजन ने राज्यभर के विद्यार्थियों की प्रतिभा को एक मंच पर प्रस्तुत किया और विद्यालय प्रांगण खेल भावना तथा ऊर्जा से गूंज उठा।

**राज्य के स्कूलों में 9 हजार स्मार्ट क्लास और 22 हजार कंप्यूटर लगाए जाएंगे:** स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने 25वीं राज्य स्तरीय शाला क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन अवसर पर राज्य के स्कूलों में 9 हजार स्मार्ट क्लास और 22 हजार कंप्यूटर लगाने की घोषणा की। मंत्री ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से जोड़ना समय की आवश्यकता है और सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठा रही है।

### विद्यार्थियों को मिलेगा आधुनिक तकनीक का लाभ

स्मार्ट क्लास के माध्यम से विद्यार्थी डिजिटल कंटेंट, ई-लर्निंग मॉड्यूल, वीडियो लेक्चर और इंटरैक्टिव पढ़ाई का अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। इससे कठिन विषयों को सरल और रोचक तरीके से समझना आसान होगा। वहीं 22 हजार कंप्यूटरों की उपलब्धता से विद्यार्थियों को कंप्यूटर शिक्षा, इंटरनेट से जुड़ाव और डिजिटल स्किल विकसित करने का अवसर मिलेगा।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद

स्मार्ट क्लास और कंप्यूटर से विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे जेईई, नीट और अन्य राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं की तैयारी में मदद मिलेगी। ऑनलाइन टेस्ट, प्रश्नपत्र और अध्ययन सामग्री आसानी से उपलब्ध होगी, जिससे उनकी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ेगी।

### शिक्षक और शिक्षा व्यवस्था को लाभ

स्मार्ट क्लास से केवल विद्यार्थी ही नहीं, बल्कि शिक्षक भी लाभान्वित होंगे। शिक्षक डिजिटल साधनों का उपयोग करके विषयों को और बेहतर ढंग से पढ़ा पाएंगे। ऑनलाइन संसाधनों की मदद से अध्यापन का स्तर ऊँचा होगा और कक्षाओं में सहभागिता बढ़ेगी।

### वनांचल क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर बेहतर होगा

इस योजना से खास तौर पर ग्रामीण और वनांचल अनुसूचित क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बड़ा लाभ होगा। अब उन्हें भी शहरों जैसी आधुनिक शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। स्मार्ट क्लास और कंप्यूटर से पढ़ाई में समान अवसर मिलेंगे और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का स्तर बेहतर होगा।

**भविष्य की ओर मजबूत कदम:** गजेंद्र यादव ने कहा कि यह पहल राज्य को डिजिटल एजुकेशन के क्षेत्र में नई ऊँचाई पर ले जाएगी। आने वाले समय में विद्यार्थी न केवल पढ़ाई में बल्कि तकनीक, नवाचार और कौशल विकास में भी आगे बढ़ पाएंगे। यह कदम राज्य के शिक्षा तंत्र को आधुनिक बनाने और विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

सकारात्मक पहल : युवा होंगे आत्मनिर्भर, बैंक ऋण के साथ मिलेगा शासन का अनुदान

# खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की योजनाओं से बढ़ेगा स्वरोजगार

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार लगातार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और ग्रामीण उद्योगों को गति देने के प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड ने बड़ा कदम उठाया है। छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा युवाओं और आम नागरिकों को स्वरोजगार तथा उद्यमिता की दिशा में प्रोत्साहित करने के लिए दो महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनमें प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (ऑनलाइन) और मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (ऑफलाइन) शामिल हैं। इन योजनाओं के तहत पात्र आवेदकों को बैंक ऋण उपलब्ध कराया जाता है, जिस पर शासन की ओर से अनुदान भी दिया जाता है।

**प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम:** प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, भारत सरकार के खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग द्वारा प्रायोजित है। इसके अंतर्गत नकारात्मक उद्योगों को छोड़कर किसी भी ग्रामोद्योग इकाई की स्थापना हेतु बैंक ऋण स्वीकृत किया जाता है। योजना के तहत सेवा क्षेत्र में 20 लाख रुपये तक और विनिर्माण क्षेत्र में 50 लाख रुपये तक की परियोजनाओं को मंजूरी दी जाती है। ग्रामीण क्षेत्र के लाभार्थियों को 35 प्रतिशत तथा शहरी क्षेत्र के लाभार्थियों को 25 प्रतिशत तक अनुदान का लाभ मिलता है। सामान्य वर्ग के पुरुषों के लिए यह दर क्रमशः 25 और 15 प्रतिशत है। योजना में सामान्य वर्ग के पुरुषों को 10 प्रतिशत तथा अन्य वर्गों एवं महिलाओं को 5 प्रतिशत स्वयं का अंशदान करना अनिवार्य है। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है और इसके लिए आवेदकों को www.kvicon-line.gov.in/pmegp अनिवार्य प्रमाणपत्र और प्रोजेक्ट रिपोर्ट अपलोड करनी होगी।

### मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम

मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम राज्य शासन की पहल है। इसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के ग्रामीण हितग्राहियों के लिए सेवा क्षेत्र में 1 लाख रुपये तक तथा विनिर्माण क्षेत्र में 3 लाख रुपये तक की परियोजनाओं को स्वीकृति दी जाती है। योजना के तहत 35 प्रतिशत तक अनुदान और मात्र 5 प्रतिशत स्वयं का अंशदान निर्धारित है। ऋण राशि को अधिकतम तीन वर्षों में ब्याज सहित किस्तों में चुकाना होगा। यह योजना पूरी तरह ऑफलाइन है और इसके लिए इच्छुक आवेदक संबंधित जिला के छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड में आवेदन जमा कर सकते हैं। दोनों योजनाओं का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना, ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा देना और हितग्राहियों को आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना है।

## भक्ति रस में डूबा बसंतपुर, मां शारदा युवा मंच द्वारा भव्य भजन संध्या का आयोजन

**शहर के कलाकारों ने भक्ति गीतों से मोहा मन, श्रद्धालु झूमे भजनों की धुन पर**



**राजनांदगांव।** बसंतपुर वार्ड क्रमांक 46 स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में रविवार, 28 सितंबर की रात्रि में मां शारदा युवा मंच द्वारा नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। आयोजक सुनील सेन एवं मंच के युवा साथियों की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी पवन डागा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद जैनम बैद, पार्षद राजेश यादव, पार्षद शेखर यादव, बिट्टू गुप्ता, भरत साहू, गोलु गुप्ता, केजू राम ठाकुर, बलिराम यादव, पुनाराम यादव समेत वार्ड के प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत से हुई, जहां मां शारदा युवा मंच के आयोजक सुनील सेन एवं साथियों ने पुष्पहार एवं गुलाल तिलक लगाकर सभी अतिथियों का अभिनंदन किया।

भजन संध्या में संस्कारधानी के ख्यातिप्राप्त कलाकारों सनी गजभीम, शुभम यादव एवं कृति बख्शी ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत, जसगीत, हिंदी व छत्तीसगढ़ी धार्मिक गीतों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वातावरण भक्ति रस से सराबोर हो गया और श्रद्धालु झूमते नजर आए।

कार्यक्रम का सफल संचालन राज्यपाल पुरस्कार हेतु चयनित व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू ने किया। उनके सुगठित संचालन ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। मुख्य अतिथि पवन डागा एवं पार्षद जैनम बैद ने अपने उद्बोधन में मां शारदा युवा मंच की सराहना करते हुए इस प्रकार के आयोजन को सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना का सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने आयोजन समिति को शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के अंत में आयोजक मंडली द्वारा कलाकारों का गुलाल तिलक कर, श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही समस्त अतिथियों व श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की गई।

कार्यक्रम को सफल बनाने में जनक यादव, अनिल (दादू) यादव, बद्दू यादव, छोटू यादव, नागेश यादव, बच्चन सेन, जय जायसवाल, राहुल बघेल, गोलु यादव, विनोद यादव, देवनन्द यादव, अशोक यादव, पीतांबर साहू, ज्ञान ठाकुर, सोमेश यादव, उमेद यादव, शैलेश पाल, कुलदीप यादव, नेमी यादव, छोटू ठाकुर एवं चमन यादव का विशेष योगदान रहा। श्रद्धा, समर्पण और संगीत की इस अद्भुत संध्या ने बसंतपुरवासियों को एक भक्ति-भाव से परिपूर्ण यादगार अनुभव दिया।

## नयनाभिराम आतिशबाजी के साथ सोमनी में मनेगा दशहरा पर्व

**विधानसभा अध्यक्ष डा रमन सिंह होंगे शामिल**

**छत्तीसगढ़ी हास्य कलाकार पप्पू चंद्राकर की टीम की प्रस्तुति**



**राजनांदगांव।** असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजयादशमी पर्व ग्राम सोमनी में 2 अक्टूबर को मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक और विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह होंगे। दशहरा पर्व को लेकर तैयारी शुरू हो गई है।

सोमनी दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष आलोक तिवारी, उपाध्यक्ष अंगेश्वर देशमुख व कमल वैष्णव ने बताया कि इस बार भी दशहरा पर्व हर साल की तरह धूमधाम से मनाया जाएगा। राम लीला के मंचन के बाद नयनाभिराम आकाशीय और जमीनी आतिशबाजी होगी। जिसमें लोगों को इस बार नयापन देखने को मिलेगा। आतिशबाजी के लिए कटक उड़ीसा से कलाकारों की टीम पहुंच गई है। जमीनी आतिशबाजी की तैयारी की जा रही है। साथ ही आकाशीय आतिशबाजी भी जोरदार होगी।

समिति के सदस्यों ने बताया कि ग्राम सोमनी क्षेत्र का मुख्य केंद्र बिंदु है। विजयादशमी का उत्सव देखने बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीणों की उपस्थिति रहती है। बताया गया कि आतिशबाजी के साथ 41 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। जिसे स्थानीय कलाकार कीर्ति खांडे और रोशन खूंटे की टीम तैयार कर रहे है। दशहरा पर्व पर राम लीला के बाद रात 11 बजे से छत्तीसगढ़ी फिल्मों में अभिनय करने वाले हास्य कलाकार पप्पू चंद्राकर, उपासना वैष्णव, उत्तम तिवारी की छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कला मंच के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

समिति के अंगेश्वर देशमुख ने बताया कि बेहतर और सफल आयोजन के लिए समिति के सभी पदाधिकारी चंद्रकांत ठाकुर, अभिनव तिवारी भीखम मारकंडे सहित अन्य सदस्य जुटे हुए है।

## बचत उत्सव पर उठे सवाल, अब्दुल कलाम का हमला - कहा, 'जीएसटी बना आर्थिक गुलामी का कारण'



**राजनांदगांव।** केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी रिफॉर्म को 'बचत उत्सव' बताए जाने पर कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक एवं राजस्थान-ओडिशा प्रभारी अब्दुल कलाम ने तीखा हमला बोला है।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि बचत उत्सव कहना चोर की दाढ़ी में तिनका जैसी बात है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीते आठ वर्षों में जीएसटी की अनियमितताओं के चलते प्रदेश के गरीब, मध्यमवर्गीय परिवारों और किसानों से करोड़ों रुपये की वसूली की गई है। अब्दुल कलाम ने जीएसटी को गब्बर सिंह टैक्स की संज्ञा देते हुए कहा कि इससे आम लोगों की जेब पर बुरा असर पड़ा है। उनकी बचत खत्म हो गई, कर्ज का बोझ बढ़ा और आर्थिक हालात चरमरा गए। कलाम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने लगातार जीएसटी के जटिल स्लैब सिस्टम में बदलाव की मांग की थी, लेकिन मोदी सरकार ने मनमानी करते हुए इसे दूसरी आजादी बताकर जनता पर थोप दिया। कलाम ने दावा किया कि बीते आठ सालों में प्रदेश के किसानों से कृषि यंत्र, कीटनाशक, ट्रैक्टर और अन्य उपकरणों पर जीएसटी के नाम पर लगभग 6000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वसूली हुई है।

साथ ही उन्होंने कहा कि गरीब व मध्यमवर्गीय परिवारों से हर माह औसतन 9 हजार रुपये की वसूली की गई, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और बिगड़ती चली गई। उन्होंने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद से उद्योग व व्यापार जगत पर इसका बेहद नकारात्मक असर पड़ा है, जिससे व्यापारी आज तक उबर नहीं पाए हैं। जीएसटी विभाग पर व्यापारियों, उद्योगपतियों और ठेकेदारों को डराकर अवैध वसूली करने का भी आरोप लगाया गया।

## बीज निगम की जमीन पर गैर कृषि योजना शुरु न करें



**दुर्ग।** रूआबांधा स्थित साथी बाजार के शुरू होने के पहले ही विरोध होने लगा है। सोमवार को सहकारिता प्रकोष्ठ के सदस्यों ने साथी बाजार को ? किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट करने को लेकर सीएम के नाम से प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। इसमें मांग की गई है कि उक्त जमीन राज्य बीज एवं कृषि विकास ? निगम की है। यहां पर केंद्र सरकार की योजना के तहत साथी बाजार खोलने की तैयारी है। ऐसा करने से किसानों को किसी भी तरह का कोई फायदा नहीं होगा। साथी बाजार के लिए प्रस्तावित स्थल के बराबर बीज निगम क्षेत्र में ही शासकीय भूमि उपलब्ध कराई जाए। बीज निगम की स्वामित्व की कूल भूमि में किसी भी प्रकार की गैर कृषि योजना या अन्य योजना शुरू न की जाए। सहकारिता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रिवेंद्र यादव ने बताया कि कृषि ? विकास निगम को 39.40 हेक्टेयर जमीन मिली थी।

## परीक्षा की तारीख बढ़ी, अभाविप ने जताया आभार



**राजनांदगांव।** हेमचंद यादव विश्व विद्यालय, दुर्ग ने पूरक परीक्षाओं की तारीखों में बदलाव किया है। पहले ये परीक्षाएं 30 सितंबर और 1 अक्टूबर 2025 को होनी थीं, लेकिन अब इन्हें बढ़ाकर 9, 10, 11, 13 और 24 अक्टूबर कर दिया गया है।

इस बदलाव का लाभ बीएससी, बीए, बीकॉम, बीसीए, गृह विज्ञान, बीए-बीएड, बीएससी-बीएड और डीएड-बीएड के विभिन्न सेमेस्टर के छात्रों को मिलेगा।

परीक्षा तिथि बढ़ाने की मांग अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री अक्षत कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में की गई थी। परिषद की टीम में प्रतीक गढ़ेवाल, युक्ता मंडावी, वेनुका, प्रज्ञा मेश्राम, वंदना साहू और संजना साहू शामिल रहे।

छात्रों ने बताया कि मां शारदेय नवरात्रि महापर्व के दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपवास और व्रत रखते हैं। ऐसे में परीक्षा का दबाव उनके स्वास्थ्य और तैयारी दोनों को प्रभावित करता। इसी को देखते हुए परिषद ने विश्व विद्यालय को ज्ञापन सौंपकर परीक्षा तिथि आगे बढ़ाने की मांग की थी।

विश्व विद्यालय प्रशासन ने छात्र हित को प्राथमिकता देते हुए मांग को स्वीकार कर लिया। अभाविप ने इसके लिए कुलपति और परीक्षा विभाग का आभार जताया है।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया विचारों का स्मरण



**छुरिया।** भाजपा के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 25 सितंबर को गैंदाटोला मंडल में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बड़े ही हर्ष और श्रद्धा के साथ मनाई गई।

एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों के प्रणेता रहे पं. उपाध्याय जी के विचारों को याद करते हुए कार्यकर्ताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीरम मंडावी, सभापति जिला पंचायत राजनांदगांव, हेमिन साहू, सभापति जनपद पंचायत छुरिया, खिलेश्वर साहू, मंडल अध्यक्ष, रामकुमार मंडावी, महामंत्री, हनीफ कुरैशी, कोषाध्यक्ष, कुमारसाय साहू व अंजनी शर्मा, उपाध्यक्ष, राजाराम साहू, गजेंद्र साहू व मंजू साहू, मंत्री, सहित कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में भाजपा महिला कार्यकर्ताओं के साथ-साथ युवाओं की भी भागीदारी उत्साहजनक रही।

कार्यक्रम स्थल पर वक्ताओं ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आज के सामाजिक और राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिक बताते हुए उन्हें जनसेवा का सच्चा प्रतीक कहा।

## भिलाई में बीएसएफ का वॉकथॉन आयोजित

**'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' अभियान के तहत दिया एकता का संदेश**




**दुर्ग।** जिले के भिलाई में सीमा सुरक्षा बल ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत एक वॉकथॉन का आयोजन किया। मंगलवार सुबह आयोजित इस वॉकथॉन का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना, विविधता में एकता की भावना को प्रोत्साहित करना और नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। यह अभियान देशव्यापी एक भारत, श्रेष्ठ भारत पहल का हिस्सा है। वॉकथॉन सामरिक मुख्यालय परिसर से शुरू होकर साई मंदिर चौक, रिसाली चौक, डीपीएस चौक और एसएसबी क्षेत्रीय मुख्यालय से होते हुए वापस सामरिक मुख्यालय में खत्म हुआ। पूरे रास्ते जवानों ने एकता, जागरूकता और फिटनेस का संदेश दिया। उनके नारों और उत्साह ने राहगीरों का ध्यान आकर्षित किया, जिससे कई नागरिक भी प्रेरित हुए।

## सेवा पखवाड़ा - वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह आज

**राजनांदगांव।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा 1 अक्टूबर 2025 को दोपहर 12 बजे गांधी सभा गृह राजनांदगांव में जिला स्तरीय वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। सम्मान समारोह में जिले के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही विभिन्न सेवा क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले नागरिकों का सम्मानित किया जाएगा।

## बीएसपी के रिटायर कर्मियों ने कहा- सेक्टर-6 सोसाइटी जैसी पारदर्शिता कहीं और नहीं

**इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 का विदाई समारोह संपन्न**



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों की सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में एक आयोजन में सोसाइटी के माह अगस्त या उसके पूर्व सेवानिवृत्त हुए बीएसपी के सदस्य कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गई।

सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र व अन्य पदाधिकारियों ने इन सदस्य कर्मियों को शॉल/श्रीफल और उनकी जमा पूंजी का चेक देकर सम्मानित किया इस दौरान रिटायर कर्मियों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने कहा कि वरिष्ठ कर्मी हमारे मार्गदर्शक हैं और हमारी सोसाइटी की साख इन वरिष्ठ साथियों की बदौलत ही है। उन्होंने सभी रिटायर कर्मियों को सुखद व स्वस्थ्य सेवानिवृत्ति जीवन की शुभकामनाएं दीं। समारोह में वरिष्ठ कर्मियों ने सम्मान के प्रति आभार जताते हुए अपनी भावनाएं व्यक्त की।

मेडिकल से रिटायर के.बी.श्रीरंगा ने कहा-सेक्टर-6 सोसाइटी की कर्मियों के बीच सर्वाधिक विश्वसनीयता है और इसी वजह से उन्होंने अपनी सेवा की शुरुआत में ही इस सोसाइटी की सदस्यता ले ली थी। स्टोर्स से रिटायर राकेश कुमार तिवारी ने कहा कि यहां के कामकाज में पारदर्शिता की वजह से कभी भी कोई परेशानी नहीं हुई।

इसी तरह वित्त विभाग से नीना प्रदीप,आरईसीएलएमटी शॉप से भागवत प्रसाद,टी.ई.डी से मोहम्मद आरिफ खान,मेडिकल से श्रीमती गौरी देवी,वाटर मैनेजमेंट विभाग से जनक लाल चंदेल, यूनिवर्सल रेल मिल से कमलेश कुमार बाग , ट्रांसपोर्ट एंड डीजल ऑर्गनाइजेशन से चंद्रशेखर गोस्वामी और के. बालकृष्ण ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए।

इस अवसर पर संचालक मंडल के उपाध्यक्ष अमिताभ वर्मा और पवन कुमार साहू सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## केन्द्रीय विद्यालय राजनांदगांव में सेवा पर्व का आयोजन, बच्चों ने बनाई पेंटिंग



**राजनांदगांव।** केन्द्रीय विद्यालय राजनांदगांव में संस्कृति मंत्रालय द्वारा रचनात्मकता और सांस्कृतिक गौरव को बढ़ावा देने की पहल के साथ 2047 तक विकसित भारत की कल्पना से सरेखित विकसित भारत थीम पर सेवा पर्व का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने कला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से रचनात्मकता और नागरिक जिम्मेदारी की समझ प्रेरित होते हुए विकसित भारत के लिए अपनी दृष्टिकोण व्यक्त किए।

## जीई फाउंडेशन ने घासीदास नगर आंगनबाड़ी केंद्र में किया पोषण किट का वितरण



**भिलाई।** समाजसेवा में अग्रणी संस्थान गोल्डन एम्पथी फाउंडेशन की ओर से घासीदास नगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण किट और चरण पादुकाओं का वितरण किया गया।

8 वें राष्ट्रीय पोषण माह में सुपोषित और समृद्ध भारत का निर्माण थीम के अंतर्गत फाउंडेशन की ओर से यह पहल की गई थी। फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लई ने माताओं को विशेष रूप से पोषण किट की जानकारी दी। इस किट में गुड़, भुना चना, अरहर की दाल, मूंग, सोयाबीन और तिल शामिल हैं, जो कि ऊर्जा, प्रोटीन, विटामिन और खनिजों से भरपूर हैं। इस दौरान पिल्लई ने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य और शिक्षा ही राष्ट्र की सच्ची पूंजी है। उन्होंने संदेश दिया कि जब हर बच्चा सुपोषित और आत्मविश्वासी होगा तभी भारत समृद्ध और सशक्त बनेगा। पिल्लई ने सभी से आह्वान किया कि मिलकर बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए कार्य करें। भिलाई-1 परियोजना अधिकारी पद्मजा सिन्हा ने बच्चों को कुपोषण के जाल से बाहर निकालने खानपान की सही आदतों से अवगत कराया। उन्होंने माताओं से अपनी दिनचर्या में अंकुरित अनाज योग एवं मौसमी फलों को शामिल करने की सलाह दी।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया शहरवासियों ने





**भिलाई।** हजरत बिलाल मस्जिद आमदी नगर हुडको में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन रविवार 28 सितंबर को किया गया। दिन भर 300 से ज्यादा लोगों ने यहां पहुंच कर विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया और जरूरी जांच भी निःशुल्क करवाई।

मरीजों को निःशुल्क दवाएं भी दी गई। मस्जिद कमेटी के सदर शाहिद अहमद रज्जन ने बताया कि आई एल एस हॉस्पिटल्स की ओर से

इस शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जावेद परवेज, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. भुवन शर्मा, गुर्दा रोग विशेषज्ञ डॉ. करण सराफ, गैस्ट्रो एंटरोलॉजिस्ट डॉ. धीरज प्रेमचंदानी और शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश सिंह ने अपनी सेवाएं दीं। वहीं क्षयरोग परीक्षक मोहम्मद फारुक सहित अन्य पैथोलॉजिस्ट व फार्मासिस्ट ने भी शिविर में सेवाएं दीं। यहां दिनभर शिविर में ब्लड प्रेशर, ईसीजी, एचबीए1सी, लिपिड प्रोफाइल और लिवर स्कैन जांच की नि:शुल्क सुविधा का लोगों ने लाभ लिया।

अंत में शिविर में योगदान देने वाले चिकित्सकों व अन्य सहायकों का मस्जिद कमेटी की तरफ से इस्तकबाल किया गया। सदर शाहिद अहमद रज्जन ने बताया कि कमेटी की ओर से आगामी महीनों में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध होंगी।

शिविर को सफल बनाने में भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट के साबिक सदर रहमतुल्लाह अंसारी, नईमुद्दीन, शेख अकरम, अब्दुल हक, युनूस खान सिद्दीकी, रियाज चौहान, हाशिम खान, डॉ. परवेज अख्तर और हुसैन अली अशरफी सहित अनेक लोगों का योगदान रहा।

# दीक्षा नगर और आसपास के रहवासियों की वर्षो पुरानी पानी की समस्या का होगा समाधान

**2 करोड़ 37 लाख से अधिक की लागत से उच्च स्तरीय पानी टंकी का होगा निर्माण**

**दीक्षा नगर सहित 13 बस्तियों के एक हजार घरों तक पहुंचेगा नल कनेक्शन**





**रायपुर।** रायपुर शहर के दीक्षा नगर एवं आसपास की 13 बस्तियों की वर्षो पुरानी पानी की समस्या जल्द ही ठीक हो जाएगी।

उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने आज राजधानी रायपुर के ठक्कर बापा वार्ड अंतर्गत दीक्षा नगर स्थित गीतांजलि सोसायटी में 19 करोड़ 60 लाख 74 हजार रुपए की लागत से बनने वाली पेयजल आपूर्ति परियोजना का भूमिपूजन किया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने भूमिपूजन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकता हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुँचाना है। आज हुए भूमिपूजन वाले विकास कार्य के पूर्ण होने से दीक्षा नगर और आसपास के क्षेत्रों की वर्षो पुरानी पानी की समस्या का स्थायी समाधान बनेगी।

दीक्षा ने कहा कि पिछले 20

## उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने किया 19.60 करोड़ की पेयजल आपूर्ति कार्यो का भूमिपूजन

महीने में 462 करोड़ रुपए विकास की राशि मिली है। यह केवल एक नगरीय निकाय से स्वीकृत हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक-एक गारंटी को पूरा करते जा रहे हैं। नगरीय निकाय के विकास के लिए पैसों की कोई कमी नहीं आएगी। लोक निर्माण विभाग से कई सौ करोड़ के विकास कार्य हो रहे हैं। सभी विकास के कार्य जनता की मांग अनुसार कराए जा रहे है। उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि रायपुर नगर निगम के विकास के लिए जो भी प्रस्ताव आयेगा, उसके लिए सभी वार्डों को 50-50 लाख रुपए दिए जाएंगे। अग्रवाल ने कहा कि विकास कार्यों की नई शुरुआत हो रही है। आज पानी टंकी का भूमि पूजन हुआ और दो साल में सबके घर स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। सड़कों का विकास तेजी से हो रहा है, चौड़े-चौड़े सड़क बन रहे हैं। बाहर के लोग कहते हैं रायपुर की पहचान और तस्वीर बदल गई है। अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार विकास के नए आयाम गढ़ रही है। राजेश मूणत ने कहा कि स्वच्छ पेयजल बहुत बड़ी जरूरत है। सरकार तय सीमा में सभी कार्यों को पूरा करेगी। रायपुर के लिए सौगात की श्रृंखला शुरू हो गई है। जनता की मंशा के अनुरूप विकास कार्य हो रहे हैं।

महापौर चौबे ने कहा कि यह भूमिपूजन लंबे समय से हो रही पेयजल की समस्या से आमजनों को निजात दिलाएगी। स्वच्छ और नियमित पानी की सप्लाई हो सकेगी।

## माता प्रतिमाओं के विसर्जन की व्यवस्था महादेव घाट विसर्जन कुंड में



**रायपुर।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए नगर निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप ने विगत वर्ष की तरह इस वर्ष 2025 को भी दुर्गा माता की प्रतिमाओं के श्रद्धापूर्वक विसर्जन हेतु श्रद्धालु नागरिकों के लिए नगर निगम रायपुर की ओर से खारून नदी में महादेवघाट पाटन पुलिया के पास विसर्जन कुंड में दिनांक 2 अक्टूबर को सुबह 6 बजे से 5 अक्टूबर को सुबह 6 बजे तक निगम जोन कमिश्नरों सहित जोन अमले की प्रशासनिक ड्यूटी लगा दी है। आयुक्त ने जोन 8 कमिश्नर को श्री दुर्गा माता विसर्जन की प्रशासनिक व्यवस्था हेतु महादेव घाट में लाईट, केन, स्टेज एवं लाउड स्पीकर, साफ सफाई आदि की आवश्यक व्यवस्था तत्काल सर्वोच्च प्राथमिकता से सुनिश्चित करवाने के आदेश दिये है। नगर निगम रायपुर के आयुक्त ने माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल एनजीटी एवं शासन द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करने के निर्देश संबंधित निगम अधिकारियों को दिये है। नगर निगम के आयुक्त ने निर्देशित किया है कि दुर्गा उत्सव के अवसर पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल एनजीटी एवं शासन द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन किये जाने, विसर्जन कुंड स्थल पर दुर्गा विसर्जन के पूर्व पूजन सामग्री को अलग कराकर उपयुक्त स्थल पर रखे जाने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एनजीटी के निर्देशानुसार नदी में स्थायी कुंड से विसर्जित मलमा अन्य बांस बल्ली एवं दूसरी सामग्रियों को 24 घंटे के भीतर कुंड से बाहर निकालकर जल को दूषित होने से बचाये जाने, नदी में दुर्गा विसर्जन न हो इसका कडाई से पालन किया जावे।

# नवरात्री के पावन पर्व पर उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं का किया गया सम्मान

**डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड के दसवीं, बारहवी मे मैरिड एवं प्रथम श्रेणी मे उत्तीर्ण होने वाले छात्र -छात्राओं का मैडल देकर किया गया सम्मान**

**जरुरत मंद छात्र -छात्राओं की मदद की जायेगी -डॉ. विकास पाठक**





**रायपुर।** बोर्ड मे परीक्षा मे मैरिड एवं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान वार्ड न. 19 के स्वतंत्र छाया पार्षद डॉ. विकास पाठक द्वारा किया गया। डॉ. विकास पाठक ने कहा की ये छात्र-छात्राये अपने देश का भविष्य है। ज़ब छात्र मेहनत करके इतना अच्छा परसेंट लाते है तो घरवालों को समाज को खुशी होती है। हमारा भी फर्ज है की हम ऐसे बच्चो का सम्मान करें जिससे उन्हें और दुसरो बच्चो को भी खुशी हो उनका उत्साह वर्धन बढ़ाया जाये। मैरिड एवं प्रथम श्रेणी मे उत्तीर्ण होने वाले छात्राओं को प्रसस्ती पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया साथ ही जरुरत मंद बच्चे की मदद भी की जायेगी।

## बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघन के प्रकरण पर संज्ञान



**बच्चों की धार्मिक, सामाजिक और मानसिक स्वतंत्रता में दखल अधिकारों का उल्लंघन - डॉ. वर्णिका शर्मा**

**रायपुर।** जिले के मोवा स्थित आदर्श विद्यालय के संदर्भ में प्राप्त समाचार के अनुसार, विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्रों की कलाइयों में बंधे कलावा एवं माथे पर टीका लगाए जाने पर आपत्ति जताते हुए टीका लगाने से रोकने की घटना प्रकाश में आई है।

बाल आयोग अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने कहा यह कृत्य बच्चों की धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों का उल्लंघन प्रतीत होता है, जो कि भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों के अंतर्गत आता है।

बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने इस प्रकरण को गंभीरता से संज्ञान में लिया है।

## गांधी जयंती, महावीर निर्वाण दिवस पर मांस मटन विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित

**रायपुर।** नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे के निर्देश पर नगर पालिक निगम रायपुर के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर और महावीर निर्वाण दिवस 21 अक्टूबर 2025 को मांस मटन का विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहे। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के परिपालन में रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से नगर पालिक निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही ने महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर और महावीर निर्वाण दिवस 21 अक्टूबर 2025 को रायपुर नगर पालिक निगम के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं समस्त मांस मटन विक्रय की दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया है। महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर और महावीर निर्वाण दिवस 21 अक्टूबर 2025 को नगर पालिक निगम रायपुर के जोन स्वास्थ्य अधिकारीगण, जोन स्वच्छता निरीक्षकगण मांस मटन के विक्रय पर प्रतिबन्ध के आदेश का व्यवहारिक पालन सुनिश्चित करवाएंगे।

# सरकारी स्कूल से 12वीं उत्तीर्ण छात्राओं को मिलेंगे 30 हजार रूपए

**उपमुख्यमंत्री साव ने नवनिर्मित शासकीय शशिबाला अंग्रेजी-हिंदी उत्कृष्ट विद्यालय भवन का किया लोकार्पण**



**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री एवं लोकनिर्माण मंत्री अरुण साव ने आज राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी स्थित दानवीर भामाशाह वार्ड में 337.01 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित शासकीय शशिबाला अंग्रेजी-हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर उन्होंने छात्र-छात्राओं से आत्मीय संवाद कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। उपमुख्यमंत्री साव ने बताया कि छात्राओं को अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए सरकार ने महत्वपूर्ण फैसला लिया है। राज्य की विष्णु देव सरकार अब सरकारी स्कूलों से 10वीं-12वीं पास करने वाली छात्राओं को आगे महाविद्यालयीन पढ़ाई करने के लिए 30 हजार रूपए की सहायता देगी। उन्होंने बताया कि सरकार के इस फैसले से प्रदेश में छात्राओं को अब आर्थिक तंगी के कारण अपनी पढ़ाई बीच में नही छोड़नी पड़ेगी। छात्राएं अपनी पढ़ाई पूरी कर अपने सपने साकार कर सकेगीं।

उपमुख्यमंत्री साव ने लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए नवीन विद्यालय के लिए छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी।

छात्र-छात्राओं से आत्मीय संवाद के दौरान छात्रा अनुष्का शर्मा ने उपमुख्यमंत्री से पूछा आप बचपन में कैसे स्कूल में पढ़े ?

जिस पर साव ने बताया कि कक्षा तीसरी तक मैंने अपने गांव में पढ़ाई की। वह शासकीय भवन नहीं था, हमारे ही परिवार का एक कच्चा मकान था। हम अपने घर से चटाई ले जाते और बैठा करते। हर शनिवार को गोबर की पोताई भी हम करते थे। जबकि आज देखिए आपके लिए सरकार कितने भव्य और बड़े विद्यालय बना रही है।

मेरा आप सभी से आग्रह है कि सरकार आपको आधुनिक सुविधायुक्त विद्यालय बनाकर दे रही है ताकि आप अपना पूरा ध्यान लगाकर खूब पढ़े और आगे बढ़े।

## नगर निगम ने दशहरा उत्सव हेतु प्रशासनिक व्यवस्था हेतु अधिकारियों की समिति बनी




**रायपुर।** नगर निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप ने दशहरा उत्सव 2 अक्टूबर को नगर के डब्ल्यूआरएस, रावणभाठा, चौबे कालोनी, राजेन्द्र नगर, शंकरनगर, रामकुंड में होने वाले सार्वजनिक दशहरा उत्सव आयोजन हेतु दशहरा मैदानों के समतलीकरण सफाई व्यवस्था, पेयजल प्रबंधन, प्रकाश व्यवस्था, अग्निशमन व्यवस्था उत्सव स्थलों सहित संबंधित मार्गो की सफाई व्यवस्था हेतु निगम अधिकारियों को प्रशासनिक कार्य दायित्व सौंपते हुए निगम अधिकारियों की दशहरा उत्सव आयोजन एवं दुर्गा विजर्सन आयोजन की सम्पूर्ण व्यवस्था हेतु प्रशासनिक समिति गठित कर दी है। आयुक्त ने समिति को दशहरा उत्सव / दुर्गा विसर्जन आयोजन हेतु केन, शामियाना, लाईट, माईक, गोताखोर, चिकित्सा सुविधा आदि की व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिये है। इस समिति को जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल मो. नं. 9238343470 द्वारा आवश्यक सहयोग किया जायेगा। नगर निगम के आयुक्त ने दशहरा उत्सव आयोजन के दौरान माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल एनजीटी एवं शासन द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करने के आदेश संबंधित निगम अधिकारियों को दिये है।

# सेवा पखवाड़ा : समस्त सामुदायिक शौचालयों की सफाई करवाकर दिया स्वच्छ शौचालय का सकारात्मक सन्देश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर स्वास्थ्य विभाग और स्वच्छ भारत मिशन शाखा द्वारा सभी 10 जोनो के समस्त 70 वार्डों में दिनांक 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री सुनील चन्द्राकर, आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान पखवाडा के अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 3 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा रामकी कम्पनी ग्रुप के सहयोग से जोन 3 क्षेत्र अतर्गत सभी वार्डों में समस्त सार्वजनिक/ सामुदायिक शौचालयों की सफाई करवाकर शौचालयों के दरवाजों में लगे दाग, डस्टबिन की धुलाई, सीलिंग के ऊपर जालों की सफाई करवाकर स्वच्छता कायम करते हुए जन - जन को स्वच्छ शौचालय का सकारात्मक स्वच्छता सन्देश दिया गया।




## उपमुख्यमंत्री ने रायपुर नगर निगम के 70 वार्डो में आवश्यक मूलभूत विकास कार्य करवाने 50-50 लाख रू. देने की घोषणा की

**महापौर मीनल चौबे के नेतृत्व में सभापति, एमआईसी सदस्यो, जोन अध्यक्षो, पार्षदो ने उपमुख्यमंत्री अरूण साव को गज माला पहनाकर दिया हार्दिक धन्यवाद**



**रायपुर।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने प्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री राजेश मूणत की पहल पर रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र के वार्ड में रखे गए आयोजन में मंच में रायपुर नगर पालिक निगम के सभी 70 वार्डों में आवश्यक मूलभूत विकास कार्य करवाने नगर निगम रायपुर के सभी 70 वार्डो में प्रत्येक वार्ड में कार्य हेतु 50-50 लाख रू. विकास कार्य करवाने राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की ओर से रायपुर नगर निगम को देने की घोषणा की है।

उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा विगत 20 माह में मुख्यमंत्री साय सरकार के कार्यकाल के दौरान अब तक रायपुर नगर पालिक निगम को विभिन्न मदो से विभिन्न कार्यों हेतु 459 करोड रू. की राशि प्रदान की गई है। जिसमें से 59 करोड रू. की राशि नगरीय प्रशासन और विकास विभाग द्वारा रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डो के विकास हेतु नगर पालिक निगम रायपुर को प्रदान की गई है।

# स्वच्छ, सुंदर, सुनियोजित, सुव्यवस्थित, संस्कारित और सुविधापूर्ण शहर बनाने के लिए करें काम: अरुण साव

## नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा स्वच्छ शहर जोड़ी संवाद का आयोजन

**उप मुख्यमंत्री साव ने आरडीएफ ट्रैकिंग पोर्टल, व्हाट्स-अप चैटबॉट तथा स्वच्छता लीग टूलकिट का हिंदी संस्करण किया लॉन्च**







**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव की मौजूदगी में शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाने 14 नगरीय निकायों के बीच करार हुआ।

इन समझौतों में संबंधित नगरीय निकायों के महापौरों, अध्यक्षों, आयुक्तों और सीएमओ ने हस्ताक्षर किए। केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय की नई पहल 'स्वच्छ जोड़ी शहर' के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत छत्तीसगढ़ के सभी सात शहर एक-एक और शहर की रैंकिंग सुधारने में मदद करेंगे। इसके लिए आज समझौता ज्ञापन में हस्ताक्षर के साथ ही नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा 'स्वच्छ शहर जोड़ी संवाद' का आयोजन किया गया। प्रदेश के सभी 192 नगरीय निकाय इससे वर्चुअली जुड़े।

उप मुख्यमंत्री साव ने कार्यक्रम में आरडीएफ ट्रैकिंग पोर्टल, व्हाट्स-अप चैटबॉट तथा स्वच्छता लीग के हिन्दी टूलकिट को भी लॉन्च किया। भारत सरकार के नवीन अभियान स्वच्छ शहर जोड़ी के तहत स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शहर अपने राज्य के उन शहरों को जो स्वच्छ सर्वेक्षण में अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं, उन्हें अपने अनुभवों का लाभ प्रदान कर स्वच्छता में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित और सहयोग करेंगे। इसके लिए आज मेन्टोर शहर एवं मेन्टी शहरों द्वारा एमओयू पर हस्ताक्षर करने के साथ ही आगे के रोडमैप पर विस्तृत चर्चा की गई।

नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा आज लॉन्च किए गए डिजिटल नवाचार 'आरडीएफ ट्रैकिंग पोर्टल' के द्वारा निकाय स्तर पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुदृढ़ की जाएगी।

यह पोर्टल राज्य के सभी नगरीय निकायों में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत संचालित मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी केंद्रों से उत्पन्न होने वाले रिफ्युज्ड डिराइव्ड फ्युइल की आवाजाही के डिजिटल निरीक्षण, निगरानी और विश्लेषण के लिए तैयार किया गया है।

लॉन्च किए गए व्हाट्स-अप चैटबॉट के माध्यम से नागरिक 851-900-9090 नम्बर पर अब सीधे स्वच्छता संबंधी शिकायतें एवं समस्याएं दर्ज करा सकेंगे।

## आबकारी टीम रायपुर की कार्यवाही

**अवैध मदिरा के साथ गंज भट्टी के पास आरोपी गिरफ्तार**



**रायपुर।** सचिव सह आबकारी आयुक्त सुश्री आर संगीता , कलेक्टर रायपुर गौरव सिंह के निर्देश एवं प्रभारी उपायुक्त आबकारी राजेश शर्मा के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग जिला रायपुर द्वारा दिनांक 29/09/2025 को अवैध रूप से मदिरा विक्रय करते हुए पाए जाने पर कम्पोजिट गंजपारा देशी मदिरा दुकान के पास ट्रांसपोर्ट लाइन पूरानी गंज मंडी के सामने से 8.28 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जब्त कर आबकारी अधिनियम की गैरजमानतीय धारा 34(2) के तहत विवेचक वैभव मित्तल द्वारा आरोपी उधप टांडी S/O अजीत टांडी को जेल दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी डी डी पटेल,आबकारी उपनिरीक्षक प्रकाश देशमुख एवम आबकारी आरक्षक विवेक श्रीवास्तव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सुविचार

**मुट्ठी भर संकल्पवान लोग जिनकी अपने लक्ष्य में दृढ़ आस्था है, इतिहास की धारा को बदल सकते हैं। - महात्मा गांधी**

## संपादकीय

# पुलिस सुधार विकसित भारत की अनिवार्य शर्त...

**अनीता चौबे**

सुप्रीम कोर्ट इन दिनों मध्यप्रदेश और राजस्थान में पुलिस हिरासत में हुई मौतों से जुड़े मामलों की सुनवाई कर रहा है। यह स्वागतयोग्य है कि न्यायालय ने इस गंभीर मुद्दे पर संज्ञान लिया, किंतु सवाल यह है कि क्या केवल घटनाओं पर न्यायिक हस्तक्षेप से समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा? दरअसल, मूल समस्या पुलिस व्यवस्था की जड़ों में छिपी है—और उसका समाधान 2006 में ही सुप्रीम कोर्ट सुझा चुका है। 22 सितंबर 2006 को सर्वोच्च न्यायालय ने ऐतिहासिक आदेश देते हुए स्पष्ट कहा था कि पुलिस को राजनीतिक और बाहरी दबाव से मुक्त करने के लिए संस्थागत ढांचे तैयार किए जाएँ। स्टेट सिक्योरिटी कमीशन, पुलिस एस्टेब्लिशमेंट बोर्ड और स्वतंत्र शिकायत प्राधिकरण जैसी व्यवस्थाएँ इसके केंद्र में थीं। इसके साथ ही बड़े शहरों में कानून-व्यवस्था और अपराध अनुसंधान को अलग करने तथा पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने का निर्देश दिया गया था। दुर्भाग्य से बीस वर्ष बीत जाने के बाद भी यह सपना अधूरा है। राज्य सरकारों ने या तो इन आदेशों की औपचारिकता निभाई या फिर ऐसे अधिनियम बनाए, जिनका वास्तविक उद्देश्य मूल निर्देशों को निष्प्रभावी करना था। कारण साफ है—यदि पुलिस वास्तव में स्वतंत्र हो जाती है तो नेताओं और नौकरशाहों के हाथ से उसका दुरुपयोग करने का साधन छिन जाएगा। यही वजह है कि आज भी पुलिस सुधार का पहिया अटका हुआ है। इतिहास गवाह है कि पुलिस और सत्ता की मिलीभगत ने कई बार लोकतंत्र को गहरे घाव दिए हैं। आपातकाल इसका सबसे वीभत्स उदाहरण रहा, जब पुलिस ने संवैधानिक सीमाओं को लांघकर जनता पर अत्याचार किए। शाह कमीशन ने तब साफ कहा था कि ऐसी घटनाएँ रोकनी हैं तो पुलिस को बाहरी दबाव से मुक्त करना ही होगा। आज स्थिति यह है कि जनता थाने जाने से डरती है, शिकायत दर्ज कराने में ही कोताही बरती जाती है और पुलिस की छवि मददगार के बजाय भय उत्पन्न करने वाली बनी हुई है। यदि विकसित भारत का सपना साकार करना है तो यह मानसिकता बदलनी होगी। पुलिस को जनता की पुलिस बनना होगा—न कि सत्ता की। इसके लिए तीन स्तरों पर ठोस कदम उठाने होंगे। पहला, पुलिस अपने आंतरिक व्यवहार और कार्यप्रणाली में सुधार लाए—शिकायत दर्ज करने से लेकर पीड़ित के साथ मानवीय व्यवहार तक। दूसरा, इंफ्रास्ट्रक्चर और जनशक्ति की कमी दूर की जाए। आधुनिक संचार व्यवस्था, पर्याप्त वाहन, फोरेंसिक लैब और बेहतर आवास जैसी सुविधाएँ पुलिसकर्मियों के मनोबल को मज़बूत करेंगी। तीसरा, तकनीक का अधिकतम उपयोग हो—साइबर अपराध से निपटने के लिए प्रशिक्षित स्टाफ, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग और सीसीटीएनएस जैसी परियोजनाओं का विस्तार अनिवार्य है।

# राष्ट्र जागरण की साधना के सौ वर्ष की यात्रा

**हितानंद शर्मा**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा वास्तव में राष्ट्र जागरण की ध्येय यात्रा है। वर्ष 1925 में विजयादशमी के दिन नागपुर के मोहिते बाड़ा में रोपा गया राष्ट्र साधना का छोटा सा बीज आज एक विशाल वटवृक्ष बन चुका है। राष्ट्र प्रथम के एकनिष्ठ भाव के साथ किए जा रहे सतत और अनथक प्रयासों से संघ की पहचान आज विश्व के सबसे बड़े संगठन के रूप में बनी है। राष्ट्र, संस्कृति, धर्म एवं समाज के हित में सर्वस्व अर्पण कर देने वाले स्वयंसेवक भारत के पुनरुत्थान की साधना में निरंतर लगे हुए हैं। संघ शताब्दी वर्ष चरैवेति-चरैवेति के मंत्र के साथ बढ़ रहे वैचारिक अधिष्ठान का एक सोपान है।

संघ के आद्य सरसंघचालक परम पूजनीय डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उद्देश्य भारत को स्वाधीन बनाने के साथ ही स्व-बोध की चेतना से युक्त एक संगठित समाज का निर्माण करना था। माँ भारती को परम वैभव पर आसीन करने की 100 वर्षों की यह यात्रा सरल नहीं रही। अनेक कठिनाइयों, विरोधों और बाधाओं को ही मार्ग बनाते हुए संघ ने भारत माता की सेवा में व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का कार्य सतत जारी रखा है।

स्वतंत्रता आंदोलन और स्वतंत्रता के पश्चात संघ ने समाज को देश की सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का कार्य किया। स्वतंत्रता के पश्चात् भी जब देश में औपनिवेशिक मानसिकता से प्रेरित और गुलाम पीढ़ी तैयार करने वाली मैकाले शिक्षा पद्धति जारी रखी गई तब संघ प्रेरणा से 1952 में 'विद्या भारती' की स्थापना की गई, जो शिक्षा एवं संस्कार देने वाला आज विश्व का सबसे बड़ा अशासकीय शैक्षणिक संगठन है। युवाओं को राष्ट्रीय विचारों से जोड़ने के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, श्रमिकों के हित में कार्य करने भारतीय मजदूर संघ, किसानों के लिए भारतीय किसान संघ, सेवा कार्यों के लिए सेवा भारती और संस्कार भारती आदि अनेक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रेरणा से स्वयंसेवकों द्वारा स्थापित किए गए जो आज भी समाज में सक्रियता से कार्य कर रहे हैं। 1936 में स्थापित राष्ट्र सेविका समिति के साथ मिलकर संगठन ने महिलाओं की भूमिका को भी समान महत्व दिया है। आज विचार परिवार के प्रत्येक संगठन में महिला नेतृत्व की सशक्त उपस्थिति इसी दृष्टिकोण का परिणाम है।

> स्वतंत्रता के पश्चात् जब भारतीय राजनीति अपने मूल और दिशा से भटकने लगी, देश की संप्रभुता के लिए ही संकट उत्पन्न हो गया, तब पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना की। भारतीय जनसंघ आगे चलकर भारतीय जनता पार्टी के रूप में विकसित हुआ। भारतीय जनता पार्टी वर्तमान में विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है। इसे एक ऐसे संगठन के रूप में भी समाज का सम्मान प्राप्त होता है, जिसने अपने गठन के समय से चले आ रहे लगभग सभी प्रमुख संकल्पों को पूर्ण करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति, अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण और भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना इसी विचारधारा के ऐतिहासिक कार्य हैं।

स्वतंत्रता के पश्चात् जब भारतीय राजनीति अपने मूल और दिशा से भटकने लगी, देश की संप्रभुता के लिए ही संकट उत्पन्न हो गया, तब पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना की। भारतीय जनसंघ आगे चलकर भारतीय जनता पार्टी के रूप में विकसित हुआ। भारतीय जनता पार्टी वर्तमान में विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है। इसे एक ऐसे संगठन के रूप में भी समाज का सम्मान प्राप्त होता है, जिसने अपने गठन के समय से चले आ रहे लगभग सभी प्रमुख संकल्पों को पूर्ण करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति, अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण और भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना इसी विचारधारा के ऐतिहासिक कार्य हैं। संघ की सौ वर्ष की यात्रा कठिन चुनौतियों से भरी रही है। संघ अपने आरंभिक काल से ही अपनों के ही विरोध, आक्रमण, उपहास और अपमान सहकर भी इस अनवत यात्रा में आगे बढ़ा है।

महात्मा गांधी की हत्या के मिथ्या आरोप, दो बार लगाए गए प्रतिबंध, आपातकाल की असहनीय यातनाएं और तमाम विरोधों के पश्चात भी संघ अपने संकल्पों पर दृढ़ रहा। इस साधना की यज्ञ वेदी में असंख्य स्वयंसेवक समिधा बन कर होम भी हुए हैं। स्वयंसेवकों की तपस्या और प्रचारकों के समर्पण ने संगठन को उस स्थिति तक पहुंचाया, जहां आज विश्वभर में लोग संघ को निकट से जानना और उससे जुड़ना चाहते हैं। भारत के गौरवशाली स्वर्णिम इतिहास, संस्कृति, ज्ञान-परंपरा के संघरूपी वटवृक्ष की जड़ें गहरे तक समायी हुई हैं। संघ की शाखाएं संगठन का सबसे प्रबल पक्ष हैं। समाज में यह वाक्य प्रचलन में भी आ चुका है कि यदि संघ को समझना है तो शाखा में जाकर भलीभांति समझा जा सकता है। संघ की शाखाएं व्यक्ति निर्माण की नर्सरी भी कही जाती हैं। शाखा के माध्यम से स्वयंसेवकों का शारीरिक, मानसिक और चारित्रिक विकास होता है। खेल, गीत, अनुशासन और बौद्धिक कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें नेतृत्व, अनुशासन, बंधुत्व और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा मिलती है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखाओं के माध्यमम से समाज का ऐसा संगठन तैयार हुआ है कि देश में कहीं भी प्राकृतिक आपदाओं, मानवीय संकटों और विदेशी आक्रमणों, हर परिस्थिति में संघ के स्वयंसेवक सबसे पहले सेवा कार्य के लिए उपस्थित रहते हैं। गुजरात के भुज में आए भूकंप से लेकर हाल की भीषण बाढ़ की घटनाओं और कोरोना महामारी के दौरान भोजन, परिवहन, दवाइयों से लेकर पीड़ितों के अंतिम संस्कार तक की सेवाओं में स्वयंसेवकों ने निःस्वार्थ भाव से अपना योगदान दिया। इससे पूर्व स्वतंत्रता संग्राम, गोवा मुक्ति आंदोलन, कश्मीर के भारत में विलय, चीन के आक्रमण जैसे ऐतिहासिक घटनाक्रमों में भी संघ की भूमिका उल्लेखनीय रही। शताब्दी वर्ष संघ की संकल्प यात्रा को और अधिक गति देने का अवसर है। संगठन 'पंच परिवर्तन' के माध्यम से स्वदेशी, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्यों, सामाजिक समरसता और परिवार प्रबोधन जैसे विषयों को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय है। शताब्दी वर्ष के इस महत्वपूर्ण एवं स्मरणीय अवसर पर संघ किसी भव्य आयोजन की बजाय प्रत्येक भारतीय नागरिक तक पहुंचकर उसे अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का बोध कराने का कार्य कर रहा है।

# दशहरा : मनुष्य को रावण बनने से बचना होगा

**प्रो (डा.) मनमोहन प्रकाश**

दशहरा भारत का ऐसा पर्व है जो केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना का भी वाहक है। यह पर्व हमें यह स्मरण कराता है कि चाहे किसी के पास रावण जैसी अपार शक्ति, ज्ञान और समृद्धि क्यों न हो, यदि वह अहंकार और अधर्म से दूषित है तो उसका पतन निश्चित है। त्रेतायुग की रामकथा इसका प्रमाण है, जब भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर धर्म, सत्य और मर्यादा की पुनर्स्थापना की। तभी से प्रत्येक वर्ष दशहरे पर रावण दहन के माध्यम से समाज को यह सन्देश दिया जाता है कि काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर, अहंकार, अन्याय, अत्याचार और छल जैसी प्रवृत्तियाँ अंततः मनुष्य को रावण बना कर विनाश की ओर ले जाती हैं।

दशहरा उत्सव केवल औपचारिकता के रूप में रावण का पुतला जलाने तक सीमित न रह जाए, यही इसकी आत्मा है। असली चुनौती मनुष्य द्वारा अपने भीतर छिपे रावण को पहचानने और उसे समाप्त करने की है। यदि हम बाहर के रावण को जलाते रहेंगे लेकिन भीतर के रावण को पोषित करते रहें, तो दशहरे का सन्देश अधूरा रह जाएगा।

आज समाज में कई ऐसी बुराइयाँ पनप रही है जिनकी जड़ें गहराई तक प्रवेश करती जा रही हैं। चिंता का विषय यही है कि कहीं ये बुराइयां मनुष्य को धीरे-धीरे रावण की श्रेणी में ला कर खड़ा न कर दे रावण में निहित निम्न बुराइयां आज के मनुष्य के एक बड़े वर्ग में सहजता से देखी जा सकती है-

**अहंकार :** आज के मानव में धन, पद, शक्ति या ज्ञान पाते ही घमंडी व्यवहार करना आम हो गया है। यही रावण का मूल दोष था।

**क्रोध** - छोटी-सी-छोटी बात पर आज के मानव द्वारा हिंसा का सहारा लिया जाता है।क्रोध के कारण घरेलू कलह, सड़क पर झगड़े और अपराध बढ़ रहे हैं। यह न केवल पारिवारिक शांति को भंग कर रहे हैं, बल्कि सामाजिक सौहार्द को भी कमजोर कर रहे हैं।

भौतिक सुख और धन की अंधी दौड़ ने मनुष्य में भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और शोषण को जन्म दिया है। वास्तव में लोभ ही अनैतिक आचरण की जड़ है,यह मनुष्य को समझना होगा।

**वासना** - आज के समाज में यौन अपराधों और अनैतिक संबंधों की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। विडम्बना यह है कि रामायण का रावण, जिसने सीता-हरण किया, सीता को लंका की रानी बनाने की अनैतिक इच्छा भी रखी पर उसने कभी भी उन्हें जबरन हवस का शिकार नहीं बनाया। इसके विपरीत आज का विकृत मनुष्य- रिश्तों, उम्र और मर्यादाओं की परवाह किए बिना नारी की गरिमा को ठेस पहुंचा रहा है और अस्मिता को रौंद रहा है।

**असत्य और छल** - झूठ, वादाखिलाफी और धोखा आज जीवन का हिस्सा बनते जा रहे हैं, जिससे आपसी विश्वास टूट रहा है।

**ईर्ष्या और द्वेष** - भारत जैसे देश में जाति, धर्म, भाषा या वर्ग के आधार पर नफरत फैलाना, दूसरों की प्रगति से असहज होना, सामाजिक सौहार्द को कमजोर करना और विघटनकारी ताकतों को बल देने जैसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।यह देश की प्रगति के लिए किसी भी दृष्टि से सही नहीं है।

**अनुशासनहीनता** - किसी भी समाज के व्यक्तियों द्वारा कानून और संविधान की अवहेलना, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाना, कानून को अपने हाथों में लेना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता।हमारे देश में इस तरह की घटनाएं आए दिन देखने को मिलती हैं।क्या यह सामाजिक पतन का प्रतीक नहीं है? देश वासियों को इस पर विचार करना होगा ।

**नशावृत्ति** - शराब, ड्रग्स और जुए की लत व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए हानिकारक है। इन्हें विकृत मानसिकता और अपराध का जनक भी कहा जाता। अतः मानव श्रेष्ठ के लिए इनसे बचना ही उचित है।

**अनैतिक दोहन** - रावण की तरह ही आज भी मनुष्य का एक बड़ा वर्ग अपनी शक्तियों और साधनों का दुरुपयोग कर प्रकृति, गरीबों और कमजोरों का शोषण कर रहा है।

**स्वार्थपरता** - व्यक्तिगत और पारिवारिक हितों को राष्ट्रहित से ऊपर रखना और दूसरों की पीड़ा के प्रति असंवेदनशील बने रहना आज की बड़ी समस्या है। इन बुराइयों से ग्रस्त व्यक्ति चाहे कितना ही सभ्य और शिक्षित क्यों न दिखाई दे, धीरे-धीरे मानव से रावण बनता जाता है। भगवद्गीता (16.4) में स्पष्ट कहा गया है दम्भो दर्पोऽभिमानश्च क्रोधः पारुष्यमेव च। अज्ञानं चाभिजातस्य पार्थ सम्पदामासुरीम इसका अर्थ यही है कि दम्भ (पाखंड), दर्प (अहंकार), अभिमान (घमंड), क्रोध, कठोरता और अज्ञानता आदि सब आसुरी स्वभाव के लक्षण हैं।वहीं महाभारत (शान्ति पर्व, 109.10) में कहा गया है कि धर्म नानुचरन्ति ये ते नराः पशवो हि ते। जिसका अर्थ है कि जो लोग धर्म का पालन नहीं करते, वे मनुष्य होकर भी पशु समान हैं।

## सेहत

# एलोवेरा से सेहत....



एलोवेरा पाचन क्रिया को सुधारता है, कब्ज से राहत दिलाता है, और शरीर के विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है, जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। यह हृदय स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, त्वचा को हाइड्रेट करता है, और मधुमेह और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में सहायता करता है। इसके अलावा, एलोवेरा एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होता है, जो इसे कई बीमारियों से बचाने में सहायक बनाता है।

### पाचन संबंधी लाभ

**पाचन तंत्र को मजबूत करता है-** एलोवेरा में मौजूद एंजाइम पाचन क्रिया को बेहतर बनाते हैं, जिससे पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है।

**कब्ज से राहत दिलाता है-** यह पेट की सूजन, अपच और कब्ज जैसी समस्याओं को दूर करने में मदद करता है।

**डिटॉक्सिफाई करता है-** एलोवेरा शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में सहायक होता है।

### प्रतिरक्षा प्रणाली और ऊर्जा

**इम्यूनिटी बढ़ाता है-** एलोवेरा में विटामिन ष्ट जैसे एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करते हैं और शरीर को संक्रमण से बचाते हैं।

**ऊर्जा प्रदान करता है-** यह शरीर को ऊर्जावान बनाए रखने में मदद कर सकता है।

### अन्य स्वास्थ्य लाभ

**रक्त शर्करा और कोलेस्ट्रॉल नियंत्रण-** एलोवेरा रक्त शर्करा और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करने में सहायता करता है।

**हृदय स्वास्थ्य-** इसके एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण हृदय को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

**त्वचा को हाइड्रेट करता है-** एलोवेरा त्वचा को भीतर से हाइड्रेट करता है, जिससे त्वचा प्राकृतिक रूप से चमकदार बनती है।

**वजन प्रबंधन-** यह मेटाबॉलिज्म को तेज करने और विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करके वजन नियंत्रण में सहायक हो सकता है।

## ज्ञानवाणी

# दो दोस्त

दोस्ती एक ऐसा अनमोल रिश्ता है जो खून से नहीं, बल्कि दिलों से जुड़ता है। सच्चा मित्र वही है जो हर परिस्थिति में साथ निभाए। इस बात को समझाने के लिए एक कहानी बहुत प्रसिद्ध है।

बहुत समय पहले की बात है। दो घनिष्ठ मित्र थे ङ्क अर्जुन और विजय। दोनों बचपन से ही साथ बड़े हुए थे। पढ़ाई, खेल और गाँव के कामों में हमेशा एक-दूसरे का साथ देते। उनकी गहरी दोस्ती देखकर लोग कहते थे कि यह दोनों कभी जुदा नहीं हो सकते।

एक दिन दोनों ने तय किया कि वे पास के शहर जाकर व्यापार के अवसर तलाशेंगे। उन्हें उम्मीद थी कि शहर में मेहनत करके अच्छा भविष्य बना सकेंगे। यात्रा शुरू हुई और वे जंगल के रास्ते से जाने लगे। यह जंगल घना और सुनसान था। दिन ढलने को था और धीरे-धीरे अँधेरा बढ़ रहा था।

चलते-चलते अचानक रास्ते में एक बड़ा भालू आ गया। दोनों मित्र घबरा गए। अर्जुन को पेड़ पर चढ़ना आता था, इसलिए उसने बिना समय गँवाए तुरंत एक ऊँचे पेड़ पर चढ़कर अपनी जान बचा ली। दूसरी ओर विजय को पेड़ पर चढ़ना नहीं आता था। उसने चारों ओर नज़र दौड़ाई लेकिन उसे कोई सुरक्षित जगह नहीं मिली।

विजय ने तुरंत एक उपाय सोचा। उसे याद आया कि भालू मरे हुए प्राणियों को नहीं खाता। इसलिए वह ज़मीन पर लेट गया और अपनी साँस रोक ली। वह बिलकुल स्थिर हो गया मानो मर गया हो। भालू उसके पास आया, सूँघा और समझा कि यह आदमी मर चुका है। इसलिए वह बिना कोई नुकसान पहुँचाए वहाँ से चला गया। भालू के जाने के बाद अर्जुन पेड़ से नीचे उतरा। वह थोड़ी हँसी मज़ाक के अंदाज़ में बोला -

अरे विजय, वह भालू तुम्हारे कान में क्या कह गया? ज़रूर कोई राज़ बताया होगा।

विजय गंभीर स्वर में बोला -

हाँ, उसने मुझे एक बड़ा राज़ बताया। उसने कहा -उन दोस्तों से सावधान रहो जो मुसीबत के समय तुम्हें अकेला छोड़कर अपनी जान बचा लें।

यह सुनकर अर्जुन शर्मिंदा हो गया। उसे अपनी गलती का एहसास हुआ। वह समझ गया कि संकट के समय उसने विजय को अकेला छोड़ दिया, जबकि सच्चा मित्र वही होता है जो मुश्किल में भी कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहे। उसने विजय से माफी माँगी और वादा किया कि अब कभी भी उसे अकेला नहीं छोड़ेगा।

### शिक्षा

यह कहानी हमें एक बहुत गहरी सीख देती है। असली मित्र वही है जो कठिनाइयों में भी आपका साथ न छोड़े। जब सब कुछ अच्छा चल रहा हो, तब तो कोई भी मित्रता निभा सकता है। परंतु जब जीवन में परेशानी और संकट आते हैं, तभी सच्चे और नकली मित्र की पहचान होती है। इसलिए हमें मित्र चुनते समय सावधानी बरतनी चाहिए और स्वयं भी ऐसा मित्र बनना चाहिए जो दूसरों का साथ हर हाल में निभाए।

## आज की महत्वपूर्ण घटनाएं

1705 संसद ने घोषणा की, की हंगरी स्वतंत्र होने के बाद रकोजी राजा बनाया जायेगा।
1788 विलियम ब्रॉडी को एडिनबर्ग में टॉलबुथ में लटका दिया गया।
1800 एक गुप्त संधि में स्पेन ने लुइसियाना को फ्रांस में सौंप दिया गया।
1801 सैन इल्डेफोन्सो की तीसरी संधि पर हस्ताक्षर करने के साथ, स्पेन ने लुसियाना के औपनिवेशिक क्षेत्र को इटली के टस्कनी क्षेत्र के बदले फ्रांस को लौटा दिया।
1826 स्कॉटलैंड में मोंकलैंड और किर्किन्तिलोच रेलवे का उद्घाटन किया गया।
1829 केप टाउन में दक्षिण अफ्रीकी कॉलेज का उद्घाटन किया।
1843 विश्व की प्रत्येक खबर का प्रकाशन लंदन में आरम्भ किया गया।
1867 कार्ल मार्क्स की प्रसिद्ध पुस्तक दास कैपिटल प्रकाशित हुई।
1883 सिडनी हाई स्कूल (पहले लड़कों का पब्लिक स्कूल) सिडनी ऑस्ट्रेलिया में स्थापित किया गया।
1887 ब्रिटिश साम्राज्य ने बलूचिस्तान का कार्यभार संभाला।
1888 नेशनल ज्योग्राफिक पत्रिका का प्रकाशन पहली बार किया गया।
1890 संरक्षणवादी जॉन मुइर और लेखक रॉबर्ट अंडरवुड जॉनसन के आग्रह पर, संयुक्त राज्य कांग्रेस ने कैलिफोर्निया में योसेमाइट नेशनल पार्क की स्थापना की।
1890 कैलिफोर्निया के योसेमिटी नेशनल पार्क में कांग्रेस की स्थापना की गयी।
1891 स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय, रेल मैगनेट और कैलिफोर्निया के गवर्नर लेलैंड स्टैनफोर्ड और उनकी पत्नी जेन द्वारा स्थापित किया गया, जो कि पूर्व अलापोलो, कैलिफोर्निया में अपनी पूर्व भूमि पर आधिकारिक तौर पर 559 छात्रों और विदाई के साथ खुला था।
1892 शिकागो विश्वविद्यालय आईसीटी प्रथम श्रेणी में रखा गया।
1896 गोटलीब डैमलर दुनिया का पहला पेट्रोल ट्रक बनाया।

## राशिफल



**मेष राशि**- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। भाग्य में वृद्धि होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आप बुद्धि और विवेक से निर्णय लेकर लोगों को हैरान करेंगे। कोई कानूनी मामला यदि लंबे समय से आपको घेरे हुए थी तो वह खत्म होगी, आप उसमें किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मशवरा अवश्य करें, जिसे आप समय से समाप्त करने की पूरी कोशिश करेंगे।



**वृष राशि**: आज आपका सामाजिक प्रयास बेहतर रहेंगे। आप कुछ नये प्रयास बेहतर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको लोगों का पूरा सहयोग मिलेगा। भगवान के भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आपको अपने किसी परिजन को धन देने से बचना होगा, नहीं तो इससे आपके आपसी रिश्ते भी खराब हो सकते हैं।



**मिथुन राशि** : आपके लिए सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। नौकरी में भी आपको प्रमोशन मिलेगा। आप खुलकर खर्च करेंगे, क्योंकि आपके पास धन की कोई कमी नहीं होगी, लेकिन फिर भी आप बेवजह खर्च करने से बचें। आप संतान को कहीं घुमाने लेकर जा सकते हैं।



**कर्क राशि**: आज का दिन आपके लिए नुकसानदायक रहने वाला है। आप जल्दबाजी के कारण कोई गड़बड़ी कर सकते हैं। आपने यदि बिजनेस से संबंधित कोई निर्णय लिया, तो इसके लिए बाद में आपको पछतावा होगा। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।



**सिंह राशि**: आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप अपनी आंख और कान खुले रखकर कामों को करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथी की ओर से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। आप जिस काम में हाथ डालेंगे।



**कन्या राशि**: आज का दिन आपके लिए कला कौशल में निखार लेकर आएगा। आपके कामों की सराहना होगी और आपके हुनर को भी लोग पहचानेंगे। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को उनके कामों से एक नई पहचान मिलेगी। आपको धन को लेकर किसी के बहकावे में आने से बचना होगा। आप किसी सरकारी मामले में ढील दे सकते हैं।



**तुला राशि**: आज का दिन नौकरी में बदलाव के लिए बेहतर रहने वाला है। आप अपनी वाणी पर कंट्रोल रखें। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। बिजनेस में उतार चढ़ाव रहने से आपको टेंशन बनी रहेगी। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।



**वृश्चिक राशि**: आज आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। जन कल्याण के कार्य में आपकी रुचि रहेगी। आपको माताजी से किसी किए हुए वादे को पूरा करना होगा। दान धर्म के कार्य में आपका काफी रुचि रहेगी और परिवार में किसी सदस्य की सेहत में गिरावट आने से भागदौड़ बनी रहेगी।



**धनु राशि**: आज का राशिफल आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। बिजनेस में दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है, लेकिन आपको नौकरी से संबंधित किसी काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। आपकी कोई पुरानी गलती परिवार के सदस्यों के सामने आ सकती है।



**मकर राशि**: आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आप अपनी किसी मनोकामना की पूर्ति के लिए कहीं बाहर जा सकते हैं। वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा। माता पिता की सेवा के लिए भी आप कुछ समय निकालेंगे।



**कुंभ राशि**: आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपकी सोच समझ से काम पूरे होंगे और परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। प्रॉपर्टी को लेकर कोई विवाद यदि लंबे समय से घेरे हुए था, तो उससे भी आपको छुटकारा मिलेगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं।



**मीन राशि**: आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आज आप पूरे जोश से कामों को करेंगे। आपकी कार्य क्षमता भी बेहतर रहेगी। आप की कुछ नए लोगों से नजदीकियां भी बढ़ेंगी। लोगों से आप प्रेम से काम निकालने में कामयाब रहेंगे। राजनीति में भी आपको कोई नया पद मिल सकता है।

# मुक्तिधाम गए थे चीफ जस्टिस, अव्यवस्था देख नाराज हुए

### दशहरा अवकाश पर सुनवाई की, कहा- शव का सम्मानजनक विदाई मौलिक अधिकार, CS से मांगा शपथ

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा रविवार (28 सितंबर) को बिल्हा के मुक्तिधाम पहुंचे। जहां उन्होंने चारों तरफ अव्यवस्था और गंदगी देखी। वे किसी न्यायिक अधिकारी के पिता के निधन पर पहुंचे थे। जिसके बाद उन्होंने इस बदहाली पर संज्ञान लिया। हाईकोर्ट में इन दिनों दशहरा पर्व की छुट्टी चल रही है। बावजूद इसके चीफ जस्टिस ने जनहित याचिका मानकर सुनवाई की और कहा कि मृत्यु के बाद शव का सम्मानजनक विदाई संवैधानिक और मौलिक अधिकार है। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार, कलेक्टर और ग्राम पंचायत को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### मुक्तिधाम की स्थिति देख हैरान हुए चीफ जस्टिस



बिलासपुर के बिल्हा ब्लॉक के ग्राम रहंगी स्थित मुक्तिधाम का मामला है। दरअसल, हाईकोर्ट के अधिकारी-कर्मचारियों के लिए बोदरी में आवासीय परिसर बना है। रविवार (28 सितंहर) को हाईकोर्ट के एक न्यायिक अधिकारी के पिता का निधन हो गया। लिहाजा, चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा उनकी अंत्येष्टि में शामिल होने ग्राम पंचायत रहंगी के मुक्तिधाम पहुंचे थे। वहां की स्थिति देख चीफ जस्टिस हैरान रह गए। उन्होंने देखा कि मुक्तिधाम में कोई बाउंड्रीवॉल या फेंसिंग नहीं है। पहुंचने का रास्ता गड्ढों से भरा है और बारिश में पानी भर जाता है, जिससे लोगों का पहुंचना मुश्किल होता है। जगह- जगह झाड़ियां और जंगली घास है। जहां सांप और जहरीले कीड़ों के आने की आशंका है।सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है। अंतिम संस्कार के बाद फेंके गए कपड़े, पॉलीथिन, शराब की बोतलें और कचरा इधर-उधर बिखरा पड़ा है। यहां कचरा फेंकने डिब्बा तक नहीं है।

### शेड, लाइट और बैठने की भी व्यवस्था नहीं

मुक्तिधाम में लाइट नहीं है, शेड नहीं है। बैठने की व्यवस्था नहीं, जिससे लोगों को घंटों खुले आसमान के नीचे खड़े रहना पड़ता है। कोई अधिकृत व्यक्ति या केयरटेकर नहीं, जिससे मदद मांगी जा सके। साइनबोर्ड पर मोबाइल नंबर तक नहीं। शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं है। मुक्तिधाम के बगल में ही सॉलिड और वेट वेस्ट मैनेजमेंट शेड बना है।

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने इस अव्यवस्था को लेकर जनहित याचिका मानकर सुनवाई शुरू की है। दशहरा अवकाश के बीच सोमवार को उन्होंने इस मामले की सुनवाई की। इस दौरान राज्य सरकार पर कड़ी नाराजगी जताई। साथ ही शासन, कलेक्टर और ग्राम पंचायत को अव्यवस्था दूर करने तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### हाईकोर्ट बोला- मृतक का सम्मान राज्य सरकार की जिम्मेदारी

हाईकोर्ट ने आदेश में कहा है कि जब कोई व्यक्ति स्वर्गवासी होता है, तो उसके पार्थिव शरीर को सम्मानजनक विदाई मिलनी चाहिए। यह कोई वस्तु नहीं कि अमानवीय तरीके से निपटाया जाए। परिवार और रिश्तेदार भावनाओं से जुड़े होते हैं और शांत वातावरण में विदाई चाहते हैं। राज्य सरकार की यह संवैधानिक जिम्मेदारी है कि सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता की व्यवस्था करे। ऐसा न करना संविधान, नगरपालिका अधिनियम और पर्यावरण कानूनों का उल्लंघन है।

# सन्नाटा डराता था...वहां सड़क बनाकर बदली तस्वीर

**दंतेवाड़ा।** जिले में सक्रिय नक्सलियों की मलांगिर एरिया कमेटी और कटेकल्याण एरिया कमेटी अब लगभग खत्म होने की कगार पर पहुंच गई है। दोनों कमेटियों के कमांडर सालों से गांव नहीं पहुंचे हैं। हालांकि, कुआकोंडा और कटेकल्याण एक समय में जिले के सबसे ज्यादा नक्सल प्रभावित इलाके रहे हैं। 3 साल पहले कटेकल्याण ब्लॉक के नड़ेनार गांव में नक्सलियों ने पुलिस में भर्ती हुए 2 युवाओं की बेरहमी से हत्या कर दी थी।

गांव के जवान बेटों की ऐसी मौत देखने के बाद लोगों ने नक्सलियों की मीटिंग में शामिल होना ही छोड़ दिया। मदद करने वाले भी पीछे हट गए। चारों ओर पहाड़ियों से घिरे होने की वजह से जो नड़ेनार गांव कभी नक्सलियों के लिए माकूल जगह हुआ करती थी, नक्सलियों के लिए वहां छिपने की जमीन कम पड़ने लगी। गांव में शांति बहाली होने के साथ अब इलाके की तस्वीर भी तेजी से बदलने लगी है। जिस नड़ेनार गांव में कभी ?शिक्षा, अस्पताल, पीडीएस, पंचायत भवन का नामोनिशां नहीं था, आज वहां विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। अब तक शेड में लग रहे स्कूल के लिए स्थायी भवन बनाने का काम शुरू हो गया है। आंगनबाड़ी तो बनकर तैयार है। गांव तक पहुंचने के लिए 10 किमी लंबी



पक्की सड़क बनाने का काम भी जारी है। उम्मीद है कि अगली बारिश तक लोगों को गांव आने-जाने में परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। ग्रामीणों ने बताया कि गांव मे बिजली नहीं पहुंच पाई है, लेकिन सोलर पावर के जरिए बुनियादी जरूरतों को पूरा करने का इंतजाम किया गया है।

नड़ेनार गांव पहले आश्रिम ग्राम था। अब इसे ग्राम पंचायत का दर्जा है। इलाके में अब नक्सलियों की कोई मीटिंग नहीं होती। ग्रामीण अब सेहत, शिक्षा, कनेक्टिविटी और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के साथ गांव के विकास के मुद्दों पर होने वाली बैठकों में शामिल हो रहे हैं। नड़ेनार गांव तक पहुंचना पहले आसान नहीं होता था।

# विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने 'सेवा पखवाड़ा' में किया श्रमदान, लोहराकोट महाविद्यालय को दिया सर्वांगीण विकास का आश्वासन

### विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने सेवा पखवाड़े में किया श्रमदान, दिया विकास का संकल्प

### सेवा पखवाड़ा में जनप्रतिनिधि की मिसालः विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने किया श्रमदान और वृक्षारोपण

**बसना ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे 'सेवा पखवाड़ा' कार्यक्रम के तहत, बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने आज आदर्श आवासीय महाविद्यालय, लोहराकोट में आयोजित स्वच्छता और वृक्षारोपण कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। विधायक डॉ. अग्रवाल ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर न केवल परिसर में श्रमदान किया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण भी किया।

स्वच्छता अभियान के बाद, विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने महाविद्यालय प्रबंधन से संवाद किया। उन्होंने परिसर की मूलभूत सुविधाओं और इसके सर्वांगीण विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की।



अपने संबोधन में विधायक डॉ. अग्रवाल ने महाविद्यालय के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह आदर्श आवासीय महाविद्यालय हमारे क्षेत्र के भविष्य का आधार है। शिक्षा के साथ-साथ यहाँ का वातावरण भी उत्कृष्ट होना चाहिए। सेवा पखवाड़े के माध्यम से हमने जो स्व'छता का संकल्प लिया है, वह सिर्फ एक दिन का नहीं, बल्कि हमारी दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए। एक स्वच्छ परिसर ही स्वस्थ और उन्नत विचार पैदा करता है। विधायक डॉ अग्रवाल ने आगे कहा कि वह लोहराकोट महाविद्यालय के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने घोषणा की महाविद्यालय में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं जैसे बेहतरीन प्रयोगशालाएँ, पर्याप्त फर्नीचर, आधुनिक क्लासरूम और बेहतर छात्रावास सुविधाओं को सुनिश्चित करना मेरी प्राथमिकताओं में शामिल है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि यहाँ के विद्यार्थियों को किसी भी सूरत में शहर के बड़े संस्थानों से कम सुविधाएँ न मिलें। मैं महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास करूँगा, ताकि यह संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर सके। इस दौरान, विधायक डॉ. अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर परिसर की सफाई में सक्रिय श्रमदान किया और विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए।

इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, स्थानीय कार्यकर्ता, महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिन्होंने विधायक के इस पहल की सराहना की।

# कारीगरों ने अपने जादूगरी से राजमहल की तर्ज पर भव्य पंडाल का किया निर्माण

**जांजगीर चांपा।** कोरबा रोड सिवनी चौक चांपा में इस बार दुर्गोत्सव का उत्साह देखते ही बन रहा है। पश्चिम बंगाल के कारीगरों ने अपने जादूगरी से राजमहल की तर्ज पर भव्य पंडाल का निर्माण किया है। जिसकी सुंदरता रात की दुधिया रोशनी में कई गुना बढ़ जाती है। माता स्वयं अपने राज दरबार में राजरानी के रूप में विराजमान है। प्रतिमा निर्माण सिद्धहस्त प्रसिद्ध मूर्तिकार भटगांव से आए करीगरों ने किया है, जो बहुत ही आकर्षक है। अग्रवाल सेवा समिति कोरबा रोड चांपा के तत्वावधान में इस बार श्री शतचंडी महायज्ञ एवं भव्य दुर्गोत्सव का आयोजन किया गया है। शतचंडी महायज्ञ एवं पूजन का कार्य मथुरा पुरी से पधारे विद्वान ब्राहम्ण समिति कर रही है। शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान प्रतिदिन यहां कन्या भोज, भव्य संगीतमय आरती तथा दर्शन के लिए आए श्रद्धालु भोग प्रसाद की व्यवस्था समिति द्वारा की जा रही है। पिछले सालों में आयोजित दुर्गोत्सव को मिले प्रतिसाद को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त पार्किंग, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा आदि की व्यवस्था समिति द्वारा की गईहै। समिति के पदाधिकारियों ने श्रद्धालुजनों से दुर्गोत्सव में पधारने का आग्रह किया है।

# स्वच्छता पखवाड़ा: रैली में सार्वजनिक स्थलों को साफ-सुथरा रखने प्रेरित किया

**परपोड़ी।** कोंगियाकला में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्वच्छता रैली निकालकर गांववासियों को स्वच्छता का संदेश दिया। कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के सभी छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता ही सेवा है, का नारा लगाते हुए गली-गली भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों ने घर, गलियां, बाजार, दुकान, शौचालय एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने का आह्वान किया। साथ ही कचरा मुक्त एवं प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने का संदेश भी दिया। रैली के दौरान शिक्षक नरेश कुमार नागवंशी ने छात्रों को स्वच्छता से जुड़े नारे बुलवाए, जिससे पूरे गांव का माहौल गूंज उठा। संस्था के प्राचार्य सीवी वर्मा, प्रधान पाठक एमएल साहू, व्याख्याता एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं भी रैली में शामिल हुए और ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया। विद्यार्थियों का कहना था कि स्वच्छता से न केवल गांव सुंदर बनेगा बल्कि स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा। रैली का उद्देश्य ग्रामीणों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करना और उन्हें अभियान से जोड़ना रहा।

# कोरबा में एसईसीएल ठेका कर्मचारियों का प्रदर्शन



### बोनस भुगतान पर बनी सहमति, दशहरा से पहले खाते में आएंगे पैसे

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर और कुसमुंडा क्षेत्र के ठेका कामगारों ने बोनस की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। 29 सितंबर सुबह 5 बजे से काम का बहिष्कार कर, कामगारों ने ऑफिस के सामने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रबंधन के साथ बातचीत के बाद बोनस भुगतान पर सहमति बन गई है। प्रबंधन ने यह निर्णय लिया कि सभी ठेका कामगारों का बोनस और वेतन भुगतान उनके खातों में 8 अक्टूबर और 15 अक्टूबर तक जमा कर दिया जाएगा। प्रबंधन इस संबंध में जल्द ही आधिकारिक आदेश जारी करेगा और इसे सूचना पोर्टल पर भी प्रदर्शित किया जाएगा।

### दशहरा से पहले मिलेगी बोनस की राशि

भविष्य को ध्यान में रखते हुए, प्रबंधन और कामगार संगठनों के बीच यह भी तय हुआ है कि अगले साल से दशहरा से पहले ही सभी ठेका कामगारों को बोनस की राशि प्रदान कर दी जाएगी। इस अवसर पर ऊर्जाधानी भू-विस्थापित संगठन के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा कि स्थायी और ठेका कामगारों के लिए समान काम, समान वेतन, समान बोनस और सभी सुविधाओं की मांग को लेकर आंदोलन को और तेज करने की आवश्यकता है। उन्होंने इस विषय पर जल्द ही एक बड़ी बैठक बुलाने का आह्वान किया।

### अन्य मांगों को लेकर जारी रहेगा आंदोलन

श्रम सेवा भू-विस्थापित कामगार संगठन के संरक्षक विजय महंत ने कहा कि अपनी जायज मांगों को लेकर इस आंदोलन का विस्तार करना होगा और इस साल मिल रहे बोनस को आगामी वर्षों में नियम का हिस्सा बनाने के लिए प्रयास जारी रखने होंगे। संगठन के सदस्य अशोक पटेल ने बताया कि ठेका कामगारों के वेतन, भत्ते, मेडिकल और सामाजिक सुरक्षा जैसी अन्य मांगों को लेकर संघर्ष जारी रहेगा।

# गारे पेलमा सेक्टर-1 कोयला खदान जन सुनवाई रद्द करने युवाओं का प्रदर्शन

**रायगढ़।** आगामी 14 अक्टूबर को तमनार क्षेत्र में प्रस्तावित गारे पेलमा सेक्टर-1 कोयला खदान की जनसुनवाई को निरस्त करने की मांग को लेकर सोमवार को बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। लैलूंगा विधानसभा युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रभात पटनायक के नेतृत्व में युवाओं ने नारेबाजी करते हुए डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव राकेश पाण्डेय भी मौजूद रहे।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि इस परियोजना में करीब



3020 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। इससे दर्जनों गांव उजड़ जाएंगे, हजारों पेड़ काटे जाएंगे और बड़ी संख्या में परिवार प्रभावित होंगे। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि रायगढ़ जिला और तमनार क्षेत्र पहले से ही उद्योगों और खदानों के कारण पर्यावरण प्रदूषण की मार झेल रहा है। अगर यह खदान शुरू होती है तो जंगल, जानवर और इंसान सब पर गंभीर संकट आ जाएगा। युवाओं ने आरोप लगाया कि उद्योगपतियों और पूंजीपतियों के मुनाफे के लिए ग्रामीणों की जिंदगी दांव पर लगाई जा रही है। उन्होंने कहा कि उद्योग-धंधे के नाम पर बाहरी लोग मजबूत हो रहे हैं, जबकि यहां का आम आदमी कोयले के प्रदूषण से बीमार हो रहा है। हम अपना जल-जंगल-जमीन लूटने नहीं देंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान एनएसयूआई लैलूंगा विधानसभा अध्यक्ष परमेश्वर बैरागी सहित बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मां समलेश्वरी को चांपा की कुलदेवी



**जांजगीर चांपा ।** शहर के हृदय स्थल में विराजमान मां समलेश्वरी की महिमा अपरंपार की है। जो भक्त मन में सच्ची श्रद्धा और विश्वास लेकर मां दरबार में पहुंचता है उसकी झोली खुशियों से भर जाती है। यही वजह है मां समलेश्वरी को चांपा की कुलदेवी माना जाता है।

बताया जा है वर्ष 1760 में मंदिर का निर्माण और मां की बहुत ही आकर्षक प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा तत्कालीन जमींदार विश्वनाथ सिंह ने कराया था।

मंदिर का बहुत ही रोचक ऐतिहासिक तथ्य है। उनके पूर्वज भिवेन्द्र बहादुर सिंह के मुताबिक, हसदेव नदी पूर्व भू-भाग ओडिशा संबलपुर रियासत के अधीन था। वहीं पश्चिमी भू-भाग रतनपुर रियासत अंतर्गत था। उस समय किसी कारण से संबलपुर रियासत और रतनपुर रियासत के बीच जंग छिड़ गई। तब रतनपुर नरेश के समक्ष गंभीर संकट खड़ा हो गया। ऐसी परिस्थिति में चांपा के तत्कालीन5 जमींदार विश्वनाथ सिंह के पूर्वजों ने रतनपुर नरेश का साथ दिया। दोनों रियासतों में घमासान युद्ध के बाद विजय का सेहरा रतनपुर नरेश के सिर पर बंधा।

युद्ध मे चांपा तत्कालीन जमीदारों के पूर्वजों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनसे पसन्न होकर रतनपुर नरेश ने युद्ध में जीत दर्ज करने के बाद जीता हुआ भूभाग चांपा के तत्कालीन जमींदार के पूर्वजों को दे दिया। उस समय मंदिर समान्य थी तो वहीं कुलदेवी समलेश्वरी की प्रतिमा लकड़ी की थी।

व्यवस्थापक समिति बनने के बाद मंदिर का काफी विकास हुआ। यहां हर चैत्र व क्वांर नवरात्रि में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित की जाती है। बैगाओं की निगरानी में नवरात्रि तक विशेष पूजा होती है। कुलदेवी समलेश्वरी मंदिर की एक खासियत यह है कि माता को तिथि के अनुसार भोग लगाया जाता है।

यहीं से चांपा जमींदारी की स्थापना हुई। इसे मदनपुर चौरासी के नाम से जाना जाता है। जमींदार परिवार का मुख्य निवास ग्राम पहरिया था। जमींदार परिवार ने हसदेव नदी के पश्चिमी भू-भाग में मदनपुर में माता महामाया की स्थापना कराया।

संबलपुर की आस्था न टूटे इसलिए जमींदार परिवार ने मां समलेश्वरी देवी और मंदिर की स्थापना कराया। इसी के साथी माता को चांपा की कुलदेवी माना गया। तृतिया को दूध का भोग लगाने से से सभी प्रकार के दुख दूर होते है।

यहां हर चैत्र और क्वांर नवरात्रि में मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किए जाते हैं। बैगाओ और पंडितों की निगरानी में परंपरा अनुसार विशेष पूजा होती है। मां समलेश्वरी मंदिर में खासियत यह भी है कि मां को तिथि के अनुसार भोग लगाया जाता है, जिसका अपना विशेष फल है। प्रतिपदा को घी का भोग लगाया जाता है, जिससे रोग से मुक्ति मिलती है। द्वितीया को यहां शक्कर का भोग लगाया जाता है, इससे दीर्घायु की प्राप्ति होती है।

चतुर्थी को मालपुआ के भोग से विघ्न बाधा पास नहीं भटकते। पंचमी को केला का भोग लगाने से बुद्धि कौशल में वृद्धि होती है। षस्ठी को मधु के भोग से शांति की प्राप्ति होती है। सप्तमी को गुड़ के भोग से शोक दूर होते है। अष्टमी को नारियल का भोग लगाने से शांति मिलती है। नवमीं को लाई का भोग लगाने से लोक परलोक में सुख मिलता है।

सप्तमी की रात मां समलेश्वरी को नींबू की माला अर्पित की जाती है, जिसके लिए भक्तों की उमड़ती है। नवरात्रि के दिन जंवारा विसर्जन होता है, जिसमें खासकर महिलाओं की लंबी लाइन लगती है। जंवारा सिर पर धारण करने के लिए महिलाएं सैकड़ों की संख्या में रहती है। इनका करीब 200 मीटर तक जंवारा धारण किए महिलाओं की कतार रहती है।

मान्यता है जो महिला अपने सिर पर जंवारा कलश धारण करती है, वो खुद को सौभाग्यशाली मानती है। बाजे गाजे और मांदर की थाप पर झूमते हुए जब महिलाएं सिर पर जंवारा लेकर निकलती है तो कई लोग देवी की भक्ति में पूरी तरह रम जाते हैं।

# दुर्गा की प्रतिमाएं विराजी, बेल की डंगाल पर माता को दिया निमंत्रण

**जगदलपुर।** शारदीय नवरात्रि में षष्ठी के मौके पर शहर में बंगीय समाज के द्वारा मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा को विधि-विधान से स्थापित किया गया। पूजन की शुरूआत कल्पारंभ और अधिवास से की गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में बंगीय समाज के लोग मौजूद थे। इसके बाद आमंत्रण और अधिवास किय गया और देर रात सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ।

सालों से चली आ रही परंपरा के अनुसार बंगीय समाज के लोगों ने पूजा पाठ किया। मैत्री संघ के अध्यक्ष दीपक घोष ने बताया कि सालों से चले आ रहे विधान के अनुसार यहां पर प्रतिमा की स्थापना की गई। पहले दिन बंगाली समाज ने शंख ध्वनि और ढाक और काशी बाजा



के साथ माता का बैल की डगाल पर आहवाहन किया। शाम को ही आमंत्रण के साथ अधिवाास समारोह हुआ। इसके बाद रविवार की सुबह पूजा पाठ और देवी दर्शन के लिए सुबह से ही लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था, जो देर रात तक जारी रहा। इधर बंगीय समाज के द्वारा एफसीआई गोदाम के पास देवी प्रतिमा स्थापित की गई है। समाज के अध्यक्ष मनोरंजन राय ने कहा कि बंग समुदाय द्वारा नवरात्रि विशेष रूप से मनाया जाता है।

षष्ठी से शक्ति पूजा शुरू होती है। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। उन्होंने बताया कि सप्तमी के मौके पर नव पत्रिका स्थापना, श्री श्री चंडीपाठ, पुष्पांजलि, प्रसाद वितरण, संध्या आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। इसके अलावा आड़ावाल मिलन संघ में और धरमपुरा में भी देवी का पूजा पाठ सालों से चली आ रही परंपरा के अनुसार किया गया। माहेश्वरी युवा संगठन के द्वारा मनाए जा रहे नवरात्रि महोत्सव में पिछले दिनों माता करी पूजा पाठ करने के बाद देर शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता हुई। जिसमें माहेश्वरी समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इससे पहले शनिवार की रात को यहां पर मां दुर्गा को छप्पन भोग लगाने के साथ ही महाआरती की गई थी। नव दुर्गा पूजन में शामिल श्रद्धालु।



### तोकापाल-बास्तानार के 182 बाढ़ प्रभावित परिवारों को भाजपा ने दी राहत की सामग्री

**जगदलपुर।** सेवा पखवाड़ा के तहत रविवार को भारतीय जनता पार्टी ने बास्तानार और तोकापाल ब्लॉक के बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को राहत सामग्री बांटी। भाजपा जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे के साथ कार्यकर्ताओं ने बास्तानार सामुदायिक भवन में 65 बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री दी। वहीं तोकापाल में सामुदायिक भवन में 117 बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री दी गई। इस दौरान योगेंद्र पांडे, रोहित त्रिवेदी, विपिन मालवीय, बलदेव मंडावी, महावती, नारायण ठाकुर, कमल ठाकुर, संतोष ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

# कोरबा में दहन से पहले भीगा रावण का पुतला



### कलाकार अब पुतले को सुखाने में लगे, लगातार बारिश से बड़ी मुश्किलें

कोरबा। विजयदशमी से पहले रावण दहन की तैयारियों पर मौसम का असर दिख रहा है। मंगलवार (30 सितंबर) दोपहर हुई तेज बारिश के कारण रावण के पुतले भीग गए, जिससे उन्हें बनाने वाले कलाकारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

लगातार बारिश से पुतले पूरी तरह भीग गए हैं, जिससे उन्हें फिर से सुखाने और ठीक करने में काफी मशक्कत करनी पड़ेगी। सूखने में परेशानी के कारण दहन में भी दिक्कत आ सकती है।

### शहर में विजयदशमी की चल रही तैयारी

22 सितंबर से शारदीय नवरात्रि धूमधाम से मनाई जा रही है। 2 अक्टूबर को विजयदशमी के अवसर पर शहर की कई दुर्गा उत्सव समितियां रावण दहन की भव्य तैयारी में जुटी हैं। मुड़ापार दुर्गा उत्सव समिति ने नौ दिनों तक डांडिया का आयोजन किया, जिसके बाद विजयदशमी मनाई जाएगी।

समिति के सदस्यों के अनुसार, इस बार नवरात्रि में मौसम का मिजाज बदला हुआ था। हल्की बूंदाबांदी के बावजूद डांडिया प्रेमियों ने उत्साह दिखाया। हालांकि, विजयदशमी से पहले मंगलवार दोपहर हुई झमाझम बारिश ने रावण बनाने वाले कलाकारों की मुश्किलें बढ़ा दीं।

### बारिश के कारण नहीं सूख रहा पुतला

एसईसीएल वॉलीबॉल मैदान में रावण तैयार कर रहे समिति के सदस्यों ने बताया कि सुबह से ही हल्की बारिश और बादल छाए हुए थे, जो दोपहर होते ही तेज बारिश में बदल गए। रावण बनाने वाले समिति के सदस्य गौरव गर्ग ने बताया कि उन्हें रेलवे कॉलोनी दुर्गा उत्सव समिति और दो अन्य समितियों के लिए रावण बनाने का काम मिला है। गर्ग ने बताया कि नवरात्रि शुरू होने के बाद से मौसम कभी धूप, कभी छांव और बारिश वाला रहा है, जिससे रावण के अंग सूख नहीं पा रहे हैं। कोरबा के पुराना बस स्टैंड, रवि शंकर नगर, एमपी नगर सहित कई स्थानों पर रावण दहन किया जाएगा। हालांकि, मौजूदा मौसम के कारण रावण दहन में बाधा आने की आशंका है।

# नवरात्रि की सप्तमी..24 घंटे खुला रहा मां-महामाया का दरबार

### रतनपुर में सुबह 4 बजे तक लगी भक्तों की लाइन, बिलासपुर में निकली झांकी

**बिलासपुर।** नवरात्र पर्व की सप्तमी पर रातभर माता के दर्शन के लिए भक्तों की लाइन लगी रही। रतनपुर की मां महामाया का दरबार साल भर में एक दिन सप्तमी के ही दिन 24 घंटे खुला रहता है। यहां हजारों श्रद्धालु पैदल यात्रा कर मां के दरबार पहुंचे।

वहीं, शहर के अन्य मंदिरों और पंडालों में भी यही नजारा देखने को मिला जहां भक्त दर्शन के लिए पहुंचे थे। इसके अलावा अरपा तट पर लेजर शो दिखाया गया, झांकियां निकाली गई और मेले में खूब भीड़ रही। मंदिरों में दर्शन का सिलसिला सुबह 4 बजे तक चला।

महामाया देवी दर्शन करने के लिए शाम से ही पदयात्रियों का जत्था जय माता दी के जयकारों के साथ निकलता रहा। भक्तों के लिए महामाया देवी का दरबार रात भर खुला रहा। यहां दर्शन के लिए सुबह तक भक्तों की कतार लगी रही। नवरात्र पर्व पर शहर में दुर्गा पंडाल और झांकियां देखने के लिए रात भर लोगों की भीड़ लगी रही। हर गली-मोहल्ले, चौराहे और मंदिर में भक्ति की रोशनी से जगमगा रही है। जहां एक ओर भव्य पंडालों में सजीव प्रतिमाओं और आकर्षक लाइटिंग और सजावट के बीच श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है, वहीं मंदिरों में मां के जयकारों से वातावरण गूंज उठा है। सप्तमी पर देर रात तक



मां के दर्शन करने भक्तों की भीड़ उमड़ती रही। मां महामाया मंदिर, भैरव बाबा मंदिर, तिफरा काली मंदिर, जरहाभाठा दुर्गा मंदिर, हरदेव लाल मंदिर तक श्रद्धालुओं का हुजूम लगातार दर्शन के लिए पहुंचता रहा। भक्तों की सुविधा के लिए सप्तमी पर मां महामाया मंदिर का दरबार पूरी रात दर्शनार्थियों के लिए खुला रहा, जिसमें हजारों भक्तों ने दर्शन किए। इधर बिलासपुर से करीब 25 किमी दूर स्थित मां महामाया मंदिर के दर्शन के लिए सैकड़ों भक्त पदयात्रा पर निकले। पदयात्रा के पूरे मार्ग पर स्थानीय लोगों ने जगह-जगह श्रद्धालुओं की सेवा की। कहीं भोग और प्रसाद वितरित किया गया, तो कहीं भंडारा और पानी की व्यवस्था की गई। भक्तों के इस उत्साह ने पूरे मार्ग को आस्था और सेवा की धारा में बहा दिया।

दूसरी तरफ शहर में जगह-जगह बने पंडाल और आकर्षक झांकियों के साथ देवी मां का दर्शन करने के लिए लोगों का हुजूम सड़क पर निकला। इस दौरान शहर के हर जगह पर लोगों की भीड़ नजर आई। शहरवासी पूरी रात घूम-घूम कर तिलक नगर से लेकर रेलवे परिक्षेत्र, तोरवा, मोपका, राजकिशोर नगर, सरकंडा के साथ ही तेलीपारा, गोलबाजार, जूना बिलासपुर, दयालबंद, गोंड़पारा, मध्यनगरी चौक, मसानगंज सहित जगह-जगह सजे आकर्षक पंडालों में विराजित देवी मां का दर्शन करने के लिए पहुंचते रहे। सुबह 4 बजे तक पंडालों में लोगों की भीड़ लगी रही।

# हाथी ने गांव में घुसकर दो मकान तोड़े



### 10 साल से स्ट्रीट लाइट बंद, ग्रामीण अंधेरे में रात गुजारने को मजबूर

**कोरबा।** कटघोरा वन मंडल के पसान रेंज में पिछले एक सप्ताह से 54 हाथियों का झुंड घूम रहा है। इन हाथियों ने गौरेला डांड़ बस्ती में दो मकानों को तोड़ दिया है। गांव में 10 साल से स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी है, जिससे रात में अंधेरा रहता है और ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हाथियों के झुंड ने मकानों को तोड़ने के साथ-साथ राशन, बर्तन और अन्य घरेलू सामानों को भी नुकसान पहुंचाया है। दौरे पर पहुंचे जिला पंचायत सदस्य विद्वान सिंह मरकाम को ग्रामीणों ने समस्या की जानकारी दी।

### रात गुजारने में हो रही दिक्कत

ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों के आने पर उन्हें सुरक्षित जगह ढूंढनी पड़ती है। सामुदायिक भवन अधूरा होने के कारण उन्हें रात गुजारने में दिक्कत होती है। बस्ती में आठ खंभों पर स्ट्रीट लाइटें लगी हैं, लेकिन वे पिछले 10 साल से बंद पड़ी हैं। स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए नींव खोदकर छोड़ दी गई थी और बिजली के तार काट दिए गए थे, जिससे गांव में पूरी तरह अंधेरा छाया रहता है।

### फसल को रौंदकर चौपट किया

इसी बीच वन मंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज में भी हाथियों का दल पहुंच गया। सोमवार रात धरमजयगढ़ वन मंडल पहुंचने के बाद हाथियों ने दो किसानों की फसल को रौंदकर चौपट कर दिया। ग्रामीणों ने वन विभाग से टॉर्च उपलब्ध कराने की मांग की है, जिस पर वन परिक्षेत्र अधिकारी मनीष सिंह ने जल्द ही टॉर्च देने का आश्वासन दिया।

ग्रामीणों का यह भी कहना है कि उन्हें हाथियों से हुए नुकसान का मुआवजा अभी तक नहीं मिला है। रेंजर मनीष सिंह ने बताया कि मुआवजा प्रकरण तैयार किया जा रहा है। बैठक में किसानों की क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे कर आगे की कार्रवाई पर चर्चा की गई। वन विभाग की टीम ने गांव में मुनादी कराकर लोगों को हाथियों से दूर रहने और जंगल की तरफ न जाने की अपील की।

# दशहरा अवकाश शुरू,शिक्षकों की ट्रेनिंग 4 दिन पहले बंद

### डीईओ बोले- SCERT अनुमति बिना प्रशिक्षण नहीं, जनगणना-चुनाव संबंधी ट्रेनिंग जारी




**बिलासपुर।** राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों और कॉलेजों में दशहरा अवकाश 29 सितंबर से घोषित किया गया है। हालांकि, शिक्षकों का प्रशिक्षण 25 सितंबर से ही बंद हो चुका है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) विजय टांडे ने बताया कि प्रशिक्षण इसलिए बंद किए गए हैं, क्योंकि राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद से इसकी अनुमति नहीं मिली थी।

डीईओ टांडे ने बताया कि 18 सितंबर को स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने एक बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए थे कि शिक्षकों का कोई भी प्रशिक्षण SCERT की अनुमति के बिना आयोजित नहीं किया जाएगा। मंत्री ने कहा था कि औचक निरीक्षण के दौरान शिक्षक अक्सर फील्ड पर नहीं मिलते, इसलिए यह निर्णय लिया गया है।

### तिमाही परीक्षाओं के दौरान चला नियमित शिक्षण कार्य

डीईओ ने यह भी बताया कि पिछले सोमवार से शनिवार तक स्कूलों में तिमाही परीक्षाएं आयोजित की गईं, जिससे शैक्षणिक कार्य सुचारु रूप से चला। उन्होंने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय जनगणना और चुनाव संबंधी प्रशिक्षणों के लिए SCERT की अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी और वे अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी रहेंगे।

स्कूल शिक्षा विभाग के अवर सचिव आरपी वर्मा द्वारा 22 सितंबर को जारी आदेश के अनुसार, राज्य शासन ने शासकीय, अनुदान प्राप्त और गैर-अनुदान प्राप्त शालाओं के साथ-साथ डीएड, बीएड, एमएड महाविद्यालयों में विभिन्न अवकाश घोषित किए हैं।

दशहरा अवकाश 29 सितंबर से 4 अक्टूबर तक (6 दिन), दीपावली अवकाश 20 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक (6 दिन), शीतकालीन अवकाश 22 दिसंबर से 27 दिसंबर तक (6 दिन) और ग्रीष्मकालीन अवकाश 1 मई से 15 जून तक (46 दिन) रहेगा।

# अग्निवीर में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को निशुल्क फिजिकल ट्रेनिंग मिलेगी



**रायगढ़।** सीईओ जिला पंचायत ने सोमवार को समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। सीईओ ने अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण के बारे में रोजगार अधिकारी से जानकारी ली। बताया गया कि जिले से 164 अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। पुलिस लाइन उर्दना में शारीरिक दक्षता के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण की व्यवस्था जिला प्रशासन ने की है। यहां विशेषज्ञ प्रशिक्षक अभ्यर्थियों को अग्निवीर की फिजिकल टेस्ट के अनुरूप तैयारी करवाएंगे। सीईओ यादव ने कहा कि जिले से चयनित अधिक से अधिक अभ्यर्थी को इस पहल का लाभ मिलना चाहिए।

सीईओ जितेन्द्र यादव ने कहा कि गांवों में आपसी विवादों के स्थानीय स्तर पर निपटारे के लिए मिडिएशन (मध्यस्थता) की पहल जिला प्रशासन कर रहा है। इसके लिए पंचायतों में सामुदायिक मध्यस्थ का चयन करना है। उन्होंने सभी सीईओ जनपद पंचायतों में चयन पूरा करने के निर्देश दिए, जिसके बाद इनका प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा सके। सीईओ यादव डिजिटल क्रॉप सर्वे के अंतर्गत सभी तहसीलों में खसरों के सर्वे की जानकारी ऑनलाइन अपडेट करने के बारे में समीक्षा की। उन्होंने सभी एसडीएम से उनके तहसीलों अंतर्गत शेष सर्वे और उसे अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रगति की भी जानकारी विभागीय अधिकारियों से ली और शेष बचे किसानों की रजिस्ट्री पूरी करने कहा। सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं की तैयारी के बारे में अधिकारियों से जानकारी लेते हुए कहा कि जल्द कार्यक्रम को अंतिम रूपरेखा दें। इस दौरान सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी, अपर कलेक्टर रवि राही, अपर कलेक्टर डॉ. प्रियंका वर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

सीईओ जिला पंचायत यादव ने आदि कर्मयोगी अभियान के तहत गांवों के लिए विलेज एक्शन प्लान बनाने और उसे पोर्टल में अपलोड करने की प्रगति की समीक्षा की।

# रामलीला हमारी संस्कृति, आस्था का प्रतीकः शर्मा



**रायगढ़।** रायगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर और आस्था का केंद्र, पिछले 59 वर्षों से अनवरत संचालित हो रही प्रसिद्ध रामलीला का शुभारंभ शनिवार को हुआ। रामलीला मंचन और पूजन समारोह में मुख्य अतिथि शिक्षाविद और समाजसेवी रामचंद्र शर्मा थे।

कार्यक्रम में भगवान विष्णु की आरती और मंगलाचरण समारोह का शुभारंभ पारंपरिक मंगलाचरण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि रामचन्द्र शर्मा ने मंच पर विराजमान कलाकारों की ओर से, भगवान राम के स्वरूप, यानी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान विष्णु की भव्य आरती उतारी। दीप प्रज्वलन और आरती के दौरान पूरा पंडाल 'जय श्री राम' और 'जय श्री हरि' के जयकारों से गूंज उठा। नगर के रामलीला मैदान में स्थानीय कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित हो रहे है। रामलीला समिति के अध्यक्ष दीपक पांडेय ने आभार व्यक्त किया। यह रामलीला अगले चार दिनों तक चलेगी और समाज को भगवान राम के आदर्शों से जोड़े रखेगी।

# शिविर में ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया

**रामचन्द्रपुर।** बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम महादेवपुर में दीन हीन सेवा समिति और स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग बलरामपुर की ओर से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान में विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल क्षेत्र में निशुल्क विशाल चिकित्सा शिविर और जन जागरूकता स्वास्थ्य शिक्षा कार्यकम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विशेष रूप से मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम उपस्थित रहे। नेताम ने समाज सेवा के क्षेत्र में समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों का सराहना करते हुए लोगों को स्वच्छता बरतने बीमारियों से कैसे बचा जाए और अन्य विषयों पर अपनी बात रखी।

दीन हीन सेवा समिति के संचालक मनीषा सिंह के प्रयास से लगातार समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा कार्य किया जा रहा है सभी लोगों की सेवा के लिए



हमेशा तत्पर रहने वाली मनीषा सिंह जमीनी स्तर से लोगों के दुख दर्द समझते हुए लगातार इलाज की व्यवस्था सहित अनेक कार्यों में अपना योगदान सुनिश्चित कर रही है।

# बेलतरा विधायक शुक्ला ने 200किमी की पदयात्रा

### सुशांत शुक्ला बोले- मतांतरण के कुचक्र को भेदने के लिए निकाली ध्वज-यात्रा, वनमंत्री केदार कश्यप हुए शामिल

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने नवरात्रि की षष्ठी तिथि पर अपने ध्वज यात्रा के 200 किलोमीटर पूरे किए। इस दौरान वनमंत्री केदार कश्यप के साथ उन्होंने पदयात्रा कर रतनपुर में महामाया देवी का दर्शन किया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रदेश में चर्चित इस ध्वज यात्रा के लिए विधायक सुशांत शुक्ला को बधाई दी। वहीं, सुशांत शुक्ला ने कहा कि मतांतरण के कुचक्र को भेदने के लिए सनातनी भाइयों ध्वज यात्रा का आयोजन किया।

दरअसल, अपने ध्वज यात्रा के दौरान रविवार सुबह 11 बजे विधायक सुशांत शुक्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का सीधा प्रसारण सुनकर 6वें दिन की यात्रा की शुरुआत की, जो सेंदरी लोफंदी, अमतरा, पेंडरवा, रानीगांव, मदनपुर होकर रात 8.00 बजे रतनपुर स्थित महामाया देवी मंदिर पहुंची।

जहां पदयात्रियों के साथ मां महामाया का दर्शन कर विधायक ने क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। इस यात्रा में शामिल होने के लिए वनमंत्री केदार कश्यप भी पहुंचे थे। उन्होंने पदयात्रियों के साथ चलकर मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान विधायक सुशांत शुक्ला ने मंत्री कश्यप को चुनरी भेंट किया।

मंत्री केदार कश्यप ने ध्वज यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि, मुझे इस बात की खुशी है कि, सुशांत शुक्ला नवरात्रि काल में पदयात्रा करने के अपने संकल्प को निर्बाध रूप से पूरा किया। मां महामाया देवी उनकी इस कठिन साधना से छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में सनातन संस्कृति की अविरल धारा प्रवाहित करे, ऐसी कामना है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विधायक सुशांत शुक्ला को ध्वज यात्रा की की सफलता पर फोन कर बधाई दी। उन्होंने सुशांत शुक्ला से कहा कि, ध्वज यात्रा पूरे नवरात्रि काल में प्रदेश भर में चर्चा का विषय बनी रही, जिस तरह से आपने गांव गली और मोहल्लों की पैदल चल कर देवी मंदिरों और शक्तिपीठों की यात्रा की। यह अत्यंत ही उल्लेखनीय कदम है।

बेलतरा विधायक सुशांत ने यात्रा के समापन पर कहा कि, आदिशक्ति महामाया देवी प्रदेश के साथ बेलतरा विधानसभा के सभी क्षेत्रवासियों को स्वस्थ और दीर्घायु जीवन प्रदान करे, सुख और समृद्धि प्रदान करे। इसी मंगलकामना के साथ यात्रा का इस वर्ष का विराम हो रहा है।

उन्होंने अपनी इस यात्रा में सहभागी बने सनातनियों के साथ ही कार्यकर्ता और क्षेत्रवासियों का आभार जताया। लोगों के सहयोग से उनकी 171 किलोमीटर की यात्रा का संकल्प 200 किलोमीटर से ज्यादा का हुआ है। उन्होंने कहा कि विकसित बेलतरा का यह सुशासन रथ गतिशीलता के साथ क्षेत्र में विकास की रास्ते खोलता रहेगा महामाया देवी से यही कामना है।



# नेपाल ने वेस्टइंडीज को 90 रन से हराया

## टी-20 सीरीज 2-0 से जीती, टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ पहली बार सीरीज अपने नाम की



**नई दिल्ली।** नेपाल ने शारजाह में खेले गए दूसरे टी-20 मैच में वेस्टइंडीज को 90 रन से हरा दिया। टीम इसी के साथ तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। नेपाल ने पहला मुकाबला 19 रन से जीता था।

पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल ने 6 विकेट पर 173 रन बनाए, जबकि वेस्टइंडीज की टीम 17.1 ओवर में सिर्फ 83 रन ही बना सकी। यह पहली बार है जब नेपाल ने किसी टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ किसी भी फॉर्मेट में सीरीज जीती है। इससे पहले 2014 में नेपाल ने अफगानिस्तान को हराया था, लेकिन उस समय अफगानिस्तान एसोसिएट सदस्य था।

### वेस्टइंडीज की पारी 83 रनों पर सिमटी

174 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नेपाल के खिलाफ विंडीज 83 रन पर ढेर हो गई। वेस्टइंडीज की शुरुआत ही खराब रही। पावरप्ले में वे केवल 16/2 रन बना सके। दीपेंद्र सिंह ऐरी ने ज्वेल एंड्रयू (2) को बोल्ड किया, जबकि कुशाल भुर्तेल ने शानदार कैच लेकर कीसी कार्टी (1) को पवेलियन भेजा। जेसन होल्डर (15 गेंदों में 21) को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज सहज नहीं दिखा। होल्डर को 17वें ओवर में ललित राजबंशी ने आउट किया, जब गुलसन झा ने दिन का दूसरा शानदार कैच लिया। आखिरी विकेट जिशान मोराटा का रहा, जिन्हें करण केसी ने कैच आउट करवाया।

### आसिफ-सुंदीप ने नेपाल के लिए 100 रन की साझेदारी की

इससे नेपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 173 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। पारी के पहले 10 ओवर में नेपाल ने एक भी छक्का नहीं लगाया। नेपाल का तीन विकेट 74 रन गिर गया था। सलामी बल्लेबाज आसिफ शेख और सुंदीप जोरा ने अगले 10 ओवरों में दोनों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और 66 गेंदों पर चौथे विकेट के लिए 100 रनों की साझेदारी की।

### भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हुए अल्जारी जोसेफ

नई दिल्ली। भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले वेस्टइंडीज को एक और झटका लगा है। शमार जोसेफ के बाद उनके साथी तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ भी इंजर्ड होकर बाहर हो गए। अल्जारी की जगह जेडिया ब्लेड्स को स्क्वॉड में शामिल किया गया। बोर्ड जेसन होल्डर को शामिल करना चाहता था, लेकिन वे मेडिकल कारणों से स्क्वॉड का हिस्सा नहीं बने।

भारत और वेस्टइंडीज के बीच 2 टेस्ट की सीरीज 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होनी है। टीम इंडिया का स्क्वॉड भी अनाउंस किया जा चुका है। शुभमन गिल ही कप्तानी करेंगे, वहीं ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी में रवींद्र जडेजा को उप कप्तान बनाया गया।

### अल्जारी जोसेफ को पीठ में इंजरी

क्रिकेट वेस्टइंडीज ने बताया कि अल्जारी जोसेफ पीठ के निचले हिस्से में इंजरी के कारण बाहर हो गए। मेडिकल रिपोर्ट में सामने आया कि उनकी पिछली चोट फिर उभर आई है। नेपाल के खिलाफ T में टी-20 सीरीज खेल रहे पूर्व कप्तान जेसन होल्डर से टेस्ट टीम में शामिल होने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने मेडिकल कारणों के चलते भारत आने से मना कर दिया।

# ग्लोबल शतरंज लीग में पीबीजी अलास्का नाइट्स से खेलेंगे गुकेश और एरिगैसी





**मुंबई।** विश्व चैंपियन डी. गुकेश और अर्जुन एरिगैसी जैसे शीर्ष भारतीय ग्रैंडमास्टर अगामी ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) में पीबीजी अलास्का नाइट्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। पीबीजी अलास्का नाइट्स फ्रेंचाइजी इस लीग के तीसरे सत्र के लिए शुक्रवार को आयोजित खिलाड़ियों के ड्राफ्ट से भारत के इन दोनों शीर्ष खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ने में सफल रही। टेक महिंद्रा और फिडे की संयुक्त पहल पर छह टीमों वाले जीसीएल का तीसरा सत्र 13 से 24 दिसंबर तक मुंबई में आयोजित किया जाएगा। अल्पाइन एसजी पाइपर्स ने अमेरिका के ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना को अपने साथ जोड़ा। पीबीजी अलास्का नाइट्स ने अन्य फ्रेंचाइजी टीमों को पछाड़कर गुकेश को अपनी टीम में शामिल किया। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद गंगा ग्रैंडमास्टर्स के साथ बने रहे।

# क्रिस वोक्स ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया

### भारत के खिलाफ चोटिल हाथ से बैटिंग करने उतरे थे, इंग्लैंड को 2 वर्ल्ड कप जिताए



**नई दिल्ल।** इंग्लैंड के पेस बॉलिंग ऑलराउंडर क्रिस वोक्स ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी जानकारी दी। वोक्स 2019 वनडे वर्ल्ड कप और 2022 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली इंग्लिश टीम का हिस्सा रहे। 2 महीने पहले भारत के खिलाफ टेस्ट मैच में वे इंजर्ड हाथ के साथ बैटिंग करने भी उतरे थे।

### करियर में कोई पछतावा नहीं

वोक्स ने सोशल मीडिया पर तीनों फॉर्मेट की जर्सी में अपनी फोटो शेयर की। उस पर लिखा, इंग्लैंड के लिए खेलकर खुशी हुई, करियर में कोई पछतावा नहीं रहा। समय आ गया है। मैंने फैसला कर लिया है कि इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायर होने का यही सही समय है।

वोक्स ने आगे लिखा, 'इंग्लैंड के लिए खेलने का सपना मैंने बचपन से ही देखा। मैं बहुत खुशनसीब रहा कि इस सपने को पूरा कर सका। इंग्लैंड के लिए 15 साल खेलते हुए मैंने कई अच्छे दोस्त बनाए, यही चीजें मेरे लिए खास रहीं।

2011 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डेब्यू करने की याद बहुत पुरानी नहीं है, लेकिन जब आप खेल को एंजॉय करते हो तो समय बहुत तेजी से बीत जाता है। 2 वर्ल्ड कप जीतना और कुछ ऐशेज सीरीज का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व की बात रही। साथी प्लेयर्स के साथ सेलिब्रेशन और यादें मेरे साथ हमेशा रहेंगी।'

# मुक्केबाज जैसमीन-मीनाक्षी की नजरें 2028 ओलंपिक पर





**दुबई ।** लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक में अब तीन साल से भी कम का समय बचा है और ऐसे में स्टार भारतीय मुक्केबाज जैसमीन लंबोरिया ने कहा कि हाल ही में लिवरपूल में विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के बाद उनका ध्यान अब खेलों के महाकुंभ की तैयारी पर है। जैसमीन ने 57 किग्रा वर्ग के फाइनल में पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता जूलिया सेरेमेटा को हराकर अपने करियर का पहला स्वर्ण जीता।

जैसमीन ने कहा, %यह अच्छा लगता है और स्वर्ण पदक जीतना अपने आप में बेहद खुशी की बात है। मेरे कोच ने मेरे खेल को बेहतर बनाने में मेरी बहुत मदद की है। मैं बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं।÷ दो बार पदक से चूकने के बाद इस बार उन्होंने जोरदार वापसी की। उन्होंने आगे कहा, ÷हां, प्रशिक्षण उसके (ओलंपिक पदक) लिए होगा और मेरे कोच मेरी तकनीकी ट्रेनिंग पर उसी के अनुसार काम करेंगे।%

### कोच का भरोसा- 2028 में धूम मचाएंगी

जैसमीन के कोच संदीप लंबोरिया ने भी विश्वास जताया कि उनकी शिष्या लॉस एंजिलिस ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करेंगी। उन्होंने कहा, यह (प्रदर्शन) शानदार था। हमारा मुख्य लक्ष्य लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक है। वह ओलंपिक भार वर्ग में पदक जीतने वाली एकमात्र लड़की है। वह 2028 में धूम मचाएगी।

### मीनाक्षी की नजर विश्व कप पर

विश्व चैंपियनशिप में 48 किग्रा वर्ग के फाइनल में स्वर्ण जीतने वाली मीनाक्षी हुड्डा की निगाहें अब नवंबर में भारत में होने वाले विश्व कप पर हैं।

# व्यापार

# इलेक्ट्रिक वाहनों में 2027 से लगानी होगी ध्वनि चेतावनी प्रणाली

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन मंत्रालय ने 1 अक्टूबर 2027 से सभी इलेक्ट्रिक वाहनों में ध्वनिक चेतावनी प्रणाली अनिवार्य करने का प्रस्ताव रखा है। यह प्रणाली पैदल यात्रियों की सुरक्षा के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों की आवाज को बढ़ाने में मदद करेगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 1 अक्टूबर, 2027 से सभी इलेक्ट्रिक कारों, बसों और ट्रकों में ध्वनिक वाहन चेतावनी प्रणाली को अनिवार्य करने का प्रस्ताव रखा है। अवास एक ऐसी सुरक्षा तकनीक है जिसे खासकर इलेक्ट्रिक एवं हाइब्रिड वाहनों के लिए बनाया गया है।



### धीमी गति पर आवाज नहीं करतीं इलेक्ट्रिक गाड़ियां

दरअसल इलेक्ट्रिक वाहन कम गति पर लगभग बिना आवाज के चलते हैं, जिससे पैदल यात्रियों, खासकर दृष्टिबाधित लोगों को उनके आने का पता नहीं चल पाता है। ऐसे में जोखिम को कम करने के लिए इन वाहनों में लगे अवास सिस्टम के स्पीकर कृत्रिम ध्वनि पैदा करते हैं, जिसकी तीव्रता और स्वर वाहन की गति और दिशा के हिसाब से बदलते रहते हैं। इससे सड़क पर चल रहे लोग वाहन की मौजूदगी और उसकी गति का अंदाजा लगा पाते हैं।

### इलेक्ट्रिक वाहनों में AVAS जरूरी

मंत्रालय ने इस संबंध में जारी मसौदा अधिसूचना में कहा है कि अक्टूबर 2026 के बाद बने इलेक्ट्रिक यात्री एवं मालवाहक वाहनों के सभी नए मॉडलों में अवास सिस्टम अनिवार्य रूप से मौजूद होनी चाहिए। अधिसूचना में कहा गया है, 'नए मॉडलों के मामले में 1 अक्टूबर, 2026 एवं उसके बाद और मौजूदा मॉडलों के मामले में 1 अक्तूबर, 2027 को श्रेणी एम और एन के इलेक्ट्रिक वाहनों में समय-समय पर संशोधित एआईएस-173 में निर्दिष्ट श्रव्यता संबंधी शर्तों को पूरा करने वाले अवास लगाए जाएंगे।'

### विदेशों में पहले से ही AVAS अनिवार्य

श्रेणी एम के इलेक्ट्रिक वाहनों में यात्री परिवहन के लिए बनाई गई इलेक्ट्रिक कारें और बसें आती हैं जबकि श्रेणी एन के तहत इलेक्ट्रिक ट्रक और मालवाहक वाहन शामिल हैं। अमेरिका, जापान और यूरोपीय संघ के कुछ देशों ने पहले ही हाइब्रिड वाहनों में अवास ध्वनि प्रणाली के इस्तेमाल को अनिवार्य कर दिया है।

# जीएसटी घटने से कार बिक्री 133फीसदी बढ़ी

### कंज्यूमर प्रोडक्ट्स सेल्स में 20फीसदी का इजाफा, ग्रामीण इलाकों में ज्यादा खरीदारी



**दिल्ली/मुंबई।** नवरात्र और दशहरा से कंज्यूमर मार्केट में नई रौनक आ गई है। कई प्रोडक्ट्स पर GST घटने से लोग उत्साह में हैं। अलग-अलग कंपनियों ने नवरात्र की शुरुआत यानी 22 सितंबर से लेकर 28 सितंबर के बीच बिक्री के आंकड़े शेयर किए हैं। इस बीच कारों की बिक्री 133फीसदी तक बढ़ी है। साबुन, पेस्ट, बिस्किट जैसी रोजाना इस्तेमाल की चीजें (FMCG) भी 20फीसदी तक ज्यादा बिकीं हैं। बीते एक हफ्ते में कारें, मोटरसाइकिलें, टीवी, ब्यूटी प्रोडक्ट्स और प्रीमियम घड़ियों की बिक्री दोगुनी हो गई है। इस साल ग्रामीण इलाकों में ज्यादा उत्साह देखा जा रहा है। मारुति सुजुकी, हुंडई और टाटा मोटर्स का कहना है कि नवरात्र में अब तक उनकी बिक्री 100-133त्न बढ़ चुकी है।

मारुति सुजुकी के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सेल्स-मार्केटिंग) पार्थो बनर्जी के मुताबिक, टॉप-100 शहरों में कंपनी की बुकिंग करीब 100त्न बढ़ गई है। हुंडई मोटर इंडिया के निदेशक और COO तरुण गर्ग का कहना है कि 22-25 सितंबर के बीच ग्रामीण बाजारों में 133त्न ज्यादा बुकिंग हुई।

# मोबाइल नंबर की तरह गैस कंपनी भी बदल सकेंगे

### अभी केवल डीलर बदलने की सुविधा, सिलेंडर मिलने में देरी जैसी समस्या दूर होगी



**नई दिल्ली।** जल्द ही आप मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी की तरह अपना गैस कनेक्शन भी किसी भी कंपनी में बदल सकेंगे। पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड (PNGRB) ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इससे कंज्यूमर्स को ज्यादा चॉइस मिलेगी और सर्विस बेहतर होगी।

### अभी डीलर बदल सकते हैं, लेकिन कंपनी नहीं

यूपीए सरकार ने अक्टूबर 2013 में 13 राज्यों के 24 जिलों में LPG कनेक्शन की पोर्टेबिलिटी की पायलट योजना शुरू की थी। जनवरी 2014 में इसे 480 जिलों तक विस्तारित किया। लेकिन उसमें आप उसी कंपनी के अंदर डीलर बदल सकते थे। मसलन, अगर आप इंडेन गैस के कस्टमर हैं, तो अन्य कंपनी में जाना मुमकिन नहीं था। ऐसा इसलिए था क्योंकि नियमों के मुताबिक सिलेंडर सिर्फ उसी कंपनी से रिफिल कराया जा सकता है, जिसने उसे जारी किया हो।

नई व्यवस्था में अब ये पुरानी लिमिट हटाई जाएगी। PNGRB इंटर-कंपनी पोर्टेबिलिटी ला रहा है। इसमें आप किसी भी कंपनी में स्विच कर पाएंगे।

# अडानी को कई कंपनियां बेचेगा सहारा ग्रुप, सुप्रीम कोर्ट से मांगी मंजूरी

**नई दिल्ली।** सहारा ग्रुप ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल कर अपनी कुछ संपत्तियों को बेचने के लिए मंजूरी मांगी है। सुब्रत राय के स्वामित्व वाला सहारा ग्रुप अपनी कई संपत्तियों को बेचने की तैयारी कर रहा है। ये संपत्ति गौतम अडानी के मालिकाना हक वाली कंपनी अडानी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को बेची जाएंगी। इसके लिए सहारा ग्रुप ने कोर्ट से मंजूरी मांगी है। दरअसल, सहारा इंडिया कॉमर्शियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (SICCL) ने महाराष्ट्र में एम्बी वैली और लखनऊ में सहारा सिटी समेत कई प्रॉपर्टी बेचने के लिए सुप्रीम कोर्ट में मंजूरी याचिका दाखिल की है। इस याचिका पर 14 अक्टूबर को सुनवाई होने की उम्मीद है।

सहारा ग्रुप ने यह याचिका छह सितंबर 2025 की 'टर्म शीट' में तय नियमों एवं शर्तों पर बेचने के लिए अनुमति के लिए दायर की है। सहारा ग्रुप से जुड़े पेंडिंग मामलों में दायर अंतरिम आवेदन में कहा गया कि इस कोर्ट की ओर से समय-समय पर पारित कई आदेशों के अनुसरण में और कई आदेशों के जरिए इस कोर्ट की इजाजत मिलने के बाद SICCL और सहारा ग्रुप बड़ी कठिनाई से अपनी कुछ चल एवं अचल संपत्तियों को बेचने में सक्षम हुए हैं। इससे मिलने वाली रकम को मार्केट रेगुलेटरी SEBI-सहारा 'रिफंड' अकाउंट में जमा कर दिया गया।

# जनरल रिजर्वेशन में आज से ई-आधार वेरिफिकेशन जरूरी

### पहले 15 मिनट सिर्फ आधार ओटीपी से बुक कर सकेंगे टिकट, कालाबाजारी कम होगी

**नई दिल्ली।** 1 अक्टूबर से तत्काल टिकट की तरह ही जनरल रिजर्वेशन (सामान्य आरक्षण) टिकट की बुकिंग करते वक्त भी ई-आधार वेरिफिकेशन जरूरी होगा। इंडियन रेलवे ने 14 सितंबर को इसकी घोषणा की थी।

रेल मंत्रालय के अनुसार IRCTC वेबसाइट या एप पर जनरल रिजर्वेशन खुलने के पहले 15 मिनट में टिकट बुक करने के लिए आधार वेरिफिकेशन जरूरी होगा। इससे फर्जी आईडी, एजेंट्स की टिकटों की कालाबजारी और बॉट्स की बुकिंग पर लगाम लगेगी।




अगर आपका IRCTC अकाउंट पहले से आधार से लिंक है, तो बुकिंग आसान रहेगी। वेटिंग कम होगी, और टिकट्स जल्दी कन्फर्म होंगे। रेलवे के कंप्यूटरीकृत PRS काउंटरों पर जनरल रिजर्वेशन टिकट बुक करने का पुराना शेड्यूल वही रहेगा। साथ ही, रेलवे के अधिकृत टिकटिंग एजेंट्स के लिए पहले दिन टिकट बुकिंग पर 10 मिनट की पाबंदी भी बिना किसी बदलाव के जारी रहेगी।

## मुख्यमंत्री साय रायपुर शहर के विभिन्न गरबा महोत्सव में हुए शामिल, मातारानी का किया दर्शन

# उत्साह, उमंग और सद्भावना बढ़ाने का पर्व है नवरात्रिः मुख्यमंत्री साय



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नवरात्रि के पावन पर्व पर विगत रात्रि राजधानी रायपुर स्थित विभिन्न गरबा समारोहों में शामिल हुए। उन्होंने मातारानी का दर्शन कर प्रदेश की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर रायपुर शहर गरबा के रंग में सराबोर दिखाई दिया और हर तरफ़ उत्सव का उल्लास वातावरण में व्याप्त था।

मुख्यमंत्री साय भानपुरी स्थित श्री कच्छ कड़वा पाटीदार समाज, आशीर्वाद भवन में श्री गुजराती लोहाणा महाजन समाज द्वारा आयोजित 'झणकारो 2025', इनडोर स्टेडियम में 'रंगीलो रास 2025' तथा ओमाया पार्क में 'रास गरबा उत्सव' में सम्मिलित हुए। इन आयोजनों में समाजजनों ने मुख्यमंत्री का पारंपरिक कच्छ पगड़ी पहनाकर और तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया। गरबा की धुनों और रंगारंग माहौल में मुख्यमंत्री की उपस्थिति ने जनसमूह में उत्साह और ऊर्जा का संचार किया।

प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्र की शुभकामनाएँ देते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि नवरात्रि उत्साह, उमंग और सद्भावना बढ़ाने का पर्व है। यह पर्व सामाजिक समरसता को और मजबूत करता है तथा जन-जन में ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ में देवी को विभिन्न स्वरूपों में पूजा जाता है और मातृशक्ति के आशीर्वाद से प्रदेश निरंतर उन्नति के पथ पर अग्रसर है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि दंतेवाड़ा में मां दंतेश्वरी, धमतरी में मां अंगारमोती एवं बिलईमाता, सरगुजा और रतनपुर में मां महामाया, डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी जैसे अनेक स्वरूपों में माता प्रदेश में विराजमान हैं।

इन सभी शक्तिपीठों का आध्यात्मिक महत्व न केवल प्रदेश की आस्था को मजबूत करता है बल्कि सांस्कृतिक धरोहर के रूप में भी छत्तीसगढ़ को विशिष्ट पहचान प्रदान करता है। इस अवसर पर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी, विधायक अनुज शर्मा, पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, स्थानीय जनप्रतिनिधि, मंडल आयोग के अध्यक्ष सहित कच्छ कड़वा पाटीदार समाज और गुजराती लोहाणा महाजन समाज के वरिष्ठजन एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# बलिदानी राजा गुरु बालकदास फिल्म साहस और शौर्य की अनुपम गाथाः मुख्यमंत्री साय

## फिल्म 'राजा गुरु बालकदास' को छत्तीसगढ़ में टैक्स फ्री करने की घोषणा

### छत्तीसगढ़ी फिल्म देखने पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर स्थित अंबुजा मॉल के सिनेमाघर में छत्तीसगढ़ी फिल्म 'बलिदानी राजा गुरु बालकदास' को देखने पहुँचे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा, विधायक रोहित साहू, धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब सहित अनेक जनप्रतिनिधि और सतनामी समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 'बलिदानी राजा गुरु बालकदास' फिल्म साहस और शौर्य की अनुपम गाथा है। गुरु बालकदास ने अंग्रेजों एवं पिंडारियों द्वारा किसानों पर किए जा रहे अत्याचार और भुखमरी के विरुद्ध न केवल संघर्ष किया, बल्कि समाज को संगठित करने का भी प्रयास किया। उन्होंने शिक्षा का अलख जगाने, सामाजिक सद्भाव को बढ़ाने और अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों का विरोध करने के साथ ही स्वतंत्रता संग्राम में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मुख्यमंत्री साय ने यह घोषणा की कि फिल्म 'बलिदानी राजा गुरु बालकदास' को छत्तीसगढ़ में टैक्स फ्री किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक दर्शक इस प्रेरणादायी गाथा को देख सकें और अपने इतिहास तथा विरासत से जुड़ सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ राज्य प्रारंभ से ही वीर शहीदों और संत-महात्माओं की धरती रहा है। आवश्यकता है कि हम अपने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के इतिहास को जानें और समझें। उन्होंने कहा कि यह फिल्म छत्तीसगढ़ की स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका, राज्य की समृद्ध संस्कृति, सामाजिक सद्भाव, अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष और जीवन की सहजता को अत्यंत सुंदर ढंग से प्रस्तुत करती है। मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ी सिनेमा की प्रतिभाओं की सराहना करते हुए कहा कि हमारे कलाकार, निर्देशक और पूरी यूनिट मेहनत और लगन से कार्य कर रही है। यही कारण है कि छत्तीसगढ़ी सिनेमा आज दर्शकों के दिलों को छू रहा है।

## नेनो ब्रीफ



### गरबा में पहुंचा मुस्लिम युवक, प्रसाद लेकर किया जयकारा

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में भी नवरात्रि पर्व के अवसर पर जगह-जगह गरबा का आयोजन हो रहे हैं। इसी दौरान बीती रात में एक आयोजन में मुस्लिम युवक की उपस्थिति चर्चा का विषय बन गई है। मुस्लिम युवक को मंच पर बुलाकर माता की प्रतिमा के समक्ष पूजन-अर्चन और दंडवत प्रणाम कराया गया। इसके बाद तिलक लगाकर प्रसाद ग्रहण करने को भी कहा, जिसे युवक ने स्वीकार किया। जिसका विडियों इन दिनों वायरल हो रहा है। सक्षम संस्था के कुणाल चालीसगांवकर ने बताया कि आयोजन के दौरान पंहुचे मुस्लिम युवक को पूजन में शामिल कराया गया और प्रसाद भी खिलाया गया।

### 26 दिन बाद कब्र खोदकर निकाली लाश, दूसरी बार पीएम में आत्महत्या का खुलासा

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के रैरूमा में युवक की फांसी पर लटकी लाश मिलने के बाद परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया था। निष्पक्ष जांच की मांग पर ग्रामीणों ने चक्काजाम भी किया। आखिरकार 26 दिन बाद कब्र खोदकर मेडिकल कॉलेज में दोबारा पोस्टमॉर्टम कराया गया। 6 डॉक्टरों की टीम ने जांच में आत्महत्या की पुष्टि की है। दरअसल, 1 सितंबर की रात रैरूमा निवासी माइकल मिंज प्रेमिका के बुलाने पर घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। अगले दिन उसका शव खेत के पास पेड़ से लटका मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमॉर्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया। 3 सितंबर को परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। 12 सितंबर को आई पीएम रिपोर्ट में आत्महत्या की पुष्टि हुई, लेकिन परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि शरीर और आंख में चोट के निशान थे।

# मेगा हेल्थ कैम्प, रिकॉर्ड मरीजों को हाई-टेक सेवाएँ उपलब्ध



**बलौदाबाजार।** जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कटगी में भारत सरकार के 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला स्तरीय भव्य मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर में जिलेभर से आए नागरिकों ने विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाओं का लाभ उठाया। कुल 1098 मरीजों ने पंजीयन कर जांच और उपचार कराया, जो अब तक का रिकॉर्ड है।

इस शिविर की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर पहली बार अत्याधुनिक जांच सुविधाएँ उपलब्ध कराई गईं। इसमें सोनोग्राफी, एक्स-रे, फंडस कैमरा और फिजियोथेरेपी सेवाएँ शामिल थीं। हड्डी रोग विशेषज्ञों द्वारा मरीजों का परीक्षण कर दो मरीजों को मौके पर ही प्लास्टर लगाया गया। ग्रामीण अंचल में उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं का मिलना लोगों के लिए बड़ी राहत रहा।

शिविर में स्त्री रोग, मेडिसिन, सर्जरी, हड्डी रोग, ईएनटी, शिशु रोग, दंत रोग और फिजियोथेरेपी विशेषज्ञों ने सेवाएँ दीं। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. करुणा यादव ने 64 सोनोग्राफी की, वहीं डॉ. वंदना भेले ने 153 गर्भवती महिलाओं की जांच की। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. कल्याण कुरुवंशी ने 62 मरीजों का परीक्षण कर 2 मरीजों को प्लास्टर लगाया। नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अंजली ने 82 मरीजों की जांच की, जिनमें 14 मोतियाबिंद पाए गए और 30 मरीजों को चश्मा वितरित किया गया। इएनटी विशेषज्ञ डॉ. राजेंद्र माहेश्वरी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. के.के. टेभुरने और अन्य विशेषज्ञों ने भी सैकड़ों मरीजों का परीक्षण किया। इसके अलावा 712 मरीजों की बीपी जांच, 632 मरीजों की शुगर जांच और 36 मरीजों की ट्रूनेट टीबी टेस्ट जांच की गई। शिविर में आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा भी दी गई, जिसके तहत 27 कार्ड बनाए गए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी ने कहा कि इस तरह के शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवि अजगल्ले ने बताया कि स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि अब बड़े शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती सृष्टि शर्मा ने कहा कि आगे भी समय-समय पर ऐसे मेगा हेल्थ कैम्प आयोजित किए जाएंगे, ताकि मरीजों को बेहतर इलाज स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सके।

# रोहिंग्या व ढोंगी साधुओं की पहचान अब छुप नहीं सकेगीः डॉ. निर्वाणी

**रायपुर ।** धर्म स्तंभ काउंसिल के सभापति डॉ. सौरव निर्वाणी ने प्रदेश विश्व हिंदू परिषद कार्यालय में संघ के वरिष्ठ प्राचारक एवं विश्व हिंदू परिषद मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ के संगठन मंत्री जितेन्द्र सिंह पवार से विशेष भेंट की,इस मुलाक़ात में प्रदेश के मठ-मंदिरों की स्वायत्तता, प्राचीन धार्मिक धरोहरों के संरक्षण एवं सनातन परंपरा की निरंतरता पर विस्तार से चर्चा हुई। मुलाक़ात में विशेष चिंता व्यक्त की गई कि हाल के वर्षों में कुछ रोहिंग्या और असामाजिक तत्व साधु-वेश धारण कर मठ-मंदिरों और समाज में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। यह न केवल साधु-संत परंपरा की पवित्रता पर आघात है, बल्कि प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है।। उन्होंने कहा



कि भोले भाले जनों के श्रद्धा का लाभ उठाकर ठगी करते हैं, विशेषकर महिलाओं को छल पूर्वक ठगी का शिकार बनाते हैं,कई जगह यह भी देखा गया कि किसी वारदात को अंजाम देने से पहले ये इसी रूप में रेकी करते हैं। संगठन मंत्री जितेन्द्र पवार ने धर्म स्तंभ काउंसिल की पहल का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. सौरव निर्वाणी ने संगठन मंत्री जितेंद्र सिंह पवार को शबरी के रामपुस्तक भेंट की।

# पति को जिंदा जलाने वाली नौटंकीबाज पत्नी डेढ़ महीने बाद गिरफ्तार

### शक करता था इसलिए पेट्रोल डालकर जलाया



**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में पत्नी ने पति को जिंदा जला दिया। इसके बाद रोने का नाटक करने लगी। पुलिस ने सोमवार को डेढ़ महीने बाद पत्नी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक 6 अगस्त की सुबह घर में कोई नहीं था। पति सो रहा था। तभी पत्नी ने उसके ऊपर पेट्रोल डाला और माचिस से आग लगा दी।

मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। आरोपी पत्नी ने बताया कि पति उस पर शक करता था। कहता था कि तुम्हारा किसी और से अफेयर है। इसी बात को लेकर दोनों में अक्सर विवाद होते रहता था। झगड़े से परेशान होकर उसने पति को मार डाला।

थाना प्रभारी विमलेश दुबे ने बताया कि सुपारी लाल स्क्ष्ष्टरु की कोयला लोड वाहनों में सील लगाने का काम करता था। रोज की तरह घर में खाना खाकर खाट पर सो रहा था। 6 अगस्त की सुबह को अचानक उसकी खाट में आग लग गई। जलती खाट से निकलकर वह चीखता-चिल्लाता बाहर भागा। पड़ोसियों ने दौड़कर आग बुझाई और उसे गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय पहुंचाया। शरीर 85 प्रतिशत तक जलने के कारण उसे पहले अंबिकापुर और फिर रायपुर रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पत्नी मूर्ति बाई ने घटना को हादसा बताया। आरोपी पत्नी पति के जलने के बाद रो रही थी। लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में पेट्रोल से जलने की पुष्टि हुई। जांच में फोरेंसिक टीम को भी घर में पेट्रोल के सबूत मिले। जिसके बाद कड़ाई से पूछताछ में पत्नी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। जानकारी के मुताबिक, पति के शक के कारण लंबे समय से दोनों के बीच अनबन थी। सुपारी लाल और पत्नी मूर्ति बाई कई बार अलग भी रहे थे। घटना से कुछ दिन पहले ही दोनों फिर से साथ रहने लगे थे।

# शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़े उत्साहित पहाड़ी कोरवा बच्चों ने कलेक्टर से की मुलाकात

### कलेक्टर ने पाठ्य सामग्री देकर बच्चों को किया प्रोत्साहित



**रायपुर।** शिक्षा से वंचित बच्चों की पहचान कर शिक्षा के माध्यम से उन्हंव सशक्त बनाने के लिए शिक्षा का उपयोग कर पढ़ना-लिखना, स्वास्थ्य जागरूकता और जीवन कौशल सीख सकें। ज्ञान से लैस, ये बच्चे अब स्कूल जा सकते हैं और अपना भविष्य बेहतर बना सकते हैं। सरगुता जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर, शाला त्यागी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है, जिससे बच्चे स्कूल वापस जा रहे हैं और नए कौशल सीख रहे हैं।

शिक्षा से वंचित बच्चों को मुख्यधारा में वापस लाने की दिशा में जिले में जिला प्रशासन सरगुजा की पहल सफल हो रही है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग ने विकासखंड स्तरीय समिति का गठन किया है।

आज जिले के मैनपाट विकासखंड क्षेत्र के 9 पहाड़ी कोरवा बच्चों ने कलेक्टर से मुलाकात की। इस अवसर पर कलेक्टर ने बच्चों को स्कूल बैग, पेन, कॉपी और किताबें देकर बच्चों को पढ़ाई के महत्व को समझाया और उन्हे उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर ने बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए उन्हें नियमित रूप से स्कूल जाने और शिक्षा को अपने जीवन में सफलता की सीढ़ी के रूप में अपनाने को कहा। गौरतलब है कि कलेक्टर ने सुदूर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान जंगल में खेल रहे बच्चों से बातचीत कर जाना कि वे स्कूल नहीं जाते। इसके बाद उन्होंने शिक्षा विभाग को इस क्षेत्र में सर्वे करने के निर्देश दिए। सर्वे में 10 से 12 वर्ष की उम्र के 9 बच्चे शिक्षा से वंचित पाए गए थे, जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा के अधिकार से वंचित हर बच्चे को मुख्यधारा में जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## गलती पर गलती, अब नोटिफाइड कराने की तैयारी, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की कारस्तानी

# खाद्य सुरक्षा के प्रति खाद्य एवं औषधि प्रशासन गंभीर नहीं, प्रयोगशाला बना प्रयोग का अड्डा..

**पीयूष मिश्रा**

**रायपुर ।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग गलती करने से बाज नही आ रहा है,अराजकता और हठधर्मिता इतनी की कोई सोच भी नही सकता। विभाग का हर नुमाइन्दा एक दूसरे को सुपरसीट करने में लगे हैं, और तो और कर्तव्य परायण दो आईएएस जिनका राज्य में नाम है, उन्हें भी गुमराह करने से अधिकारी, कर्मचारी बाज नही आ रहे है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार खाद्य विश्लेषक के लिए नोटिफाइड करवाने की तैयारी बड़े जोरशोर से चल रही है। तर्क ये दिया जा रहा है कि , विभाग के पास नियमित खाद्य विश्लेषक नही है। जबकि, ऐसा नही है। बता दें कि अन्य राज्यों की तरह वैकल्पिक व्यवस्था भी की जा सकती है।

**क्या है मामलाः** खाद्य विश्लेषक की परीक्षा एफएसएसएआई के द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है, जिसके लिए राज्य प्रयोगशाला में 3 वर्ष का अनुभव और अन्य अहर्ता जरूरी है। जिसके लिए अनुभव प्रमाण पत्र राज्य प्रशासन के द्वारा आवेदकों को दिया जाता है। यहां विशेषतः हम बता दें की खाद्य विश्लेषक का कार्य बहुत जिम्मेदारी पूर्ण और जनता को खाद्यसुरक्षा प्रदान करने वाला है, जिसमें एक छोटी सी चुक जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर सकती है। विगत वर्ष 2024 में आयोजित परीक्षा में पांच व्यक्तियों को अनुभव प्रमाण पत्र दिया गया, जिसमें से दो व्यक्ति परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। गौरतलब है कि अनुभव प्रमाण पत्र देने की नोटशीट सर्वप्रथम प्रयोगशाला से ही चलाई गई। जबकि, यह नोटशीट विभाग प्रमुख के यहां से चलाई जानी थी। यहां और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि, नोटशीट खाद्य विशलेषक के द्वारा ही चलाई गई, जिन्हें एफएसएसएआई एक्ट एवं छत्तीसगढ़ राज्य शासन के संपूर्ण नियमों की जानकारी थी। यानी नियमों की जानकारी होने के बावजूद, उसकी अवहेलना कर नोटशीट आगे बढ़ा दी गई। अपने मंसूबों को कामयाब करने के लिए कुछ स्वार्थी व्यक्तियों ने ऐसे अनुभवहीन व्यक्तियों को अनुभव प्रमाण पत्र प्रदान करवा दिए जिन्हें एक्ट के तहत अनुभव प्रमाण पत्र दिया ही नहीं जा सकता था। प्रदान किये गए अनुभव प्रमाण पत्र की शिकायतें भी लगातार विभाग और एफएसएसएआई में हो रही है , किन्तु आज दिनांक तक उसका समाधान विभाग द्वारा संतुष्टीपूर्ण नही किया गया है, जबकि एफएसएसएआई एक्ट के अनुसार फील्ड कर्मचारियों को ना तो प्रयोगशाला में प्रवेश दिया जा सकता है और ना ही अनुभव प्रमाण पत्र दिया जा सकता है। स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया जो अपने काम के लिए पूरे प्रदेश में जाने जाते हैं। उन्होंने निर्देश जारी किया कि तत्काल दिए गए अनुभव प्रमाण पत्र की जांच हो और जो गलत है उनके प्रमाण पत्र को निरस्त किया जाए किंतु, नीचे के अधिकारियों ने इसमें भी गफलतबाजी करना नहीं छोड़ा। एक व्यक्ति का अनुभव प्रमाण पत्र तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया और एक प्रतिभागी को परीक्षा देने का अवसर भी प्रदान कर दिया गया। इसके परिणाम भी जारी हो चुके हैं, प्रतिभागी पास भी हो चुका है किंतु, बात जो 2024 में थी वह आज भी है कि किसी फील्ड स्टाफ को अनुभव प्रमाण पत्र कैसे दिया जा सकता है। वह भी ऐसा व्यक्ति जो नमूना सहायक के पद पर हो जबकि एफएसएसएआई के एक्ट में साफ तौर पर लिखा गया है कि फील्ड स्टाफ (नमूना सहायक) को अनुभव प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा सकता। प्रयोगशाला से संबंधित कार्य नहीं कराए जा सकते और इसका अनुपालन राज्य सरकारों को निश्चित रूप से करना भी होता है।

### खाद्य पेय पदार्थ, उचित-अनुचित का जिम्मा विश्लेषक का..

केंद्र और राज्य सरकार ने जनता को खाद्य पदार्थ साफ-सुथरा पौष्टिक मिल पाए उसे खाद्य सुरक्षा प्रदान की जा सके। इसके लिए प्रत्येक राज्य में खाद्य प्रयोगशाला का निर्माण किया गया और उसमें एक महत्वपूर्ण पद खाद्य विश्लेषक का होता है। जो खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच करवा कर यह निर्धारित करता है, जनस्वास्थ्य के लिए कौन सा खाद्य और पेय पदार्थ उचित है और कौन सा अनुचित।

स्वामी- विजय कुमार दास के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक सूर्य कुमार राय द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड प्लाट नं. - 40/44 इंडस्ट्रियल एरिया, बीरगांव, उरला, रायपुर, छ.ग. से मुद्रित एवं फ्लैट नं. - 102, श्रीजी हाईट्स, सिविल लाईन्स रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित 492001। कार्यकारी संपादकः सूर्य कुमार राय मो. नं. 7580987777, समाचार संपादकः सुभाष श्रीवास्तव * मो. नं. 7898114661, प्रबंध संपादकः पृथ्विजय कुमार दास, (RNI No. CHHHIN/1998/00001) चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार, स्थानीय संपादकः पीयूष मिश्रा * मो. नं. 9229629214, संपादक-विजय कुमार दास
E-mail: raipurrashtriyahindimail@gmail.com, lifeindiamedia@gmail.com,(रिलीज आर्डर एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें : raipurrashtriyahindimail@gmail.com पर संपर्क करें।)